


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com




वर्ष-30 अंक : 149 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.1 2082 रविवार, 24 अगस्त-2025 प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये




# 'भारत अपना स्पेस स्टेशन बनाएगा'

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि, इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है।

इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल करना, ये भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का इतिहास रचा। हम उन देशों में भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि, शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया। जब वो तिरंगा मुझे दिखा रहे थे, जो वो पल और अनुभूति थी। वो शब्दों से परे हैं। आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी अहम तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही अपने वैज्ञानिकों की मेहनत से गगनयान भी सफलता की उड़ान भरेगा और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।

### पीएम ने शुभांशु शुक्ला से मुलाकात का जिक्र किया

मोदी ने कहा- हम अब स्पेस में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता रखने वाले देशों में शामिल हो गए हैं। अभी तीन दिन पहले ही मेरी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात हुई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु के साथ मैंने नए भारत के युवाओं के सपने को देखा है। इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए हम भारत का एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार करने जा रहे हैं। मैं युवाओं से इस पूल से जुड़ने की अपील करता हूं।

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र गिरफ्तार

## > ईडी के छापे में 12 करोड़ नकद व 6 करोड़ के आभूषण मिले



बेंगलूरू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र कुमार उर्फ 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में शनिवार को सिक्किम से धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए।

ईडी ने बताया कि चित्रदुर्ग के विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलूरू की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई। ईडी का बेंगलूरू जोन मामले की जांच कर रहा है। एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, उनके अन्य सहयोगी (जैसे कि एक और भाई केसी थिप्पेस्वामी) दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं। इससे पहले ईडी ने बीते दिन धन शोधन मामले में वीरेंद्र और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर कई जगहों पर छापेमारी की थी। केसी वीरेंद्र कुमार पप्पी चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

# 'हाईकोर्ट जज के फैसले को समझने में हुई कठिनाई'

## सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया उच्च न्यायालय का आदेश

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को हाईकोर्ट के एक जज के फैसले को समझने में कठिनाई होने की घटना को याद किया। कोर्ट ने कहा कि एक बार हम न्यायाधीशों को हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसलों को समझने में दिक्कत हुई थी। इसके बाद कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक अक्टूबर, 2024 को दिए गए फैसले को चुनौती देने वाली अपीलों पर सुनवाई के दौरान कहा कि हमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के फैसलों को समझने में कठिनाई हुई। सौभाग्य से उन न्यायाधीश ने अपना पद छोड़ दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के प्रत्येक फैसले को तब पलट दिया जाता है जब उसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाती है। पीठ ने जिन जज का जिक्र किया है, वह इसी साल सेवानिवृत्त हुए हैं। साथ ही पीठ ने जिस मामले पर सुनवाई की वह फैसला भी उन्हीं न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया था। हाईकोर्ट ने अपीलकर्ताओं को बरी करने के फैसले को पलट दिया था और उन्हें हत्या के एक मामले में दोषी ठहराया था।

# 'पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की'

## > जयशंकर ने ट्रंप को दिखाया आईना



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा।

एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि अगर कोई हमसे असहमत है, तो भारत के लोगों को बताए कि क्या वे किसानों के हितों की रक्षा के लिए तैयार नहीं हैं। क्या वे रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व नहीं देते हैं। लेकिन हम देते हैं। इसे बनाए रखने के लिए हमें जो कुछ भी करना होगा, हम करेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि उस वक्त अमेरिका ने फोन कॉल किए, दूसरे देशों ने भी फोन कॉल किए। यह कोई राज नहीं है। कम से कम मेरे मामले में मेरे पास आए हर अमेरिकी फोन कॉल मेरे एक्स अकाउंट में मौजूद है। ऐसा होता ही है कि जब किसी देश में कुछ होता है तो हर देश दूसरे को कॉल करता ही है। लेकिन मध्यस्थता का दावा करना या यह दावा करना कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत से जो नतीजा निकला, वह भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत से नहीं निकला, यह गलत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कभी ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं देखा, जिसने विदेश नीति को ट्रंप की तरह सार्वजनिक रूप से संचालित किया हो। यह बदलाव केवल भारत तक सीमित नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया के साथ व्यवहार करने का तरीका, यहां तक कि अपने देश के साथ व्यवहार करने का तरीका, पारंपरिक रूढ़िवादी तरीके से बहुत बड़ा बदलाव है। मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूं कि जैसे केवल व्यापार के लिए इस तरह से टैरिफ लगाना सामान्य है, लेकिन गैर व्यापार मुद्दों पर टैरिफ लगाना सही नहीं है।

# '2029 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य'



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात लगभग 35 गुना बढ़ा है और सरकार ने इस वर्ष 30,000 करोड़ रुपये और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2013-14 में 686 करोड़ रुपये बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये हो गया और अब रक्षा उत्पादों का निर्यात लगभग 100 देशों को किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन 2014 के 40,000 करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2024-25 में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की राह पर है।

'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में रक्षा मंत्री ने एक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व को रेखांकित किया और देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने में की गई अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत ने 509 प्लेटफॉर्म, प्रणालियों और हथियारों को शामिल करते हुए पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी की हैं, जिनका अब अनिवार्य रूप से देश में निर्माण किया जाएगा।

# ट्रंप के करीबी सर्जियो गोर दिल्ली में बैठेंगे, भारत के लिए बड़े संकेत




नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका और भारत के रिश्तों में तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। सर्जियो गोर, डोनाल्ड ट्रम्प के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं।

ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब हो सकते हैं। सर्जियो गोर अभी व्हाइट हाउस के राष्ट्रपति कार्मिक कार्यालय के निदेशक हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने सर्जियो गोर को अपना 'महान दोस्त' बताया है। ट्रंप ने कहा कि गोर कई सालों से उनके साथ हैं। गोर दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में भी काम करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने सर्जियो गोर को भारत का राजदूत क्यों चुना? इस फैसले से कई सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह नियुक्ति भारत के साथ संबंधों को सुधारने का एक प्रयास है। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यह भारत सरकार को एक कड़ा संदेश है। सर्जियो गोर की नियुक्ति पर कई अमेरिकी अधिकारियों ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि गोर भारत में अमेरिका के 'उत्कृष्ट प्रतिनिधि' होंगे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि गोर भारत में 'शानदार राजदूत' साबित होंगे। रक्षा उप सचिव एल्ब्रिज कोल्बी ने कहा कि सर्जियो गोर का भारत में होना बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। सर्जियो गोर, एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे। एरिक गार्सेटी मई 2023 से जनवरी 2025 तक राजदूत थे।

# कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है भारत : मोहन भागवत

छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र), 23 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि अगर पारंपरिक खेती और देशी गायों के पालन को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए, तो भारत कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है। भागवत 28वें ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान किसानों, पशु चिकित्सा से जुड़े स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। भागवत ने कहा कि आज दुनिया में जो अस्थिरता है, वह बताती है कि भारत को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर खेती और पशुपालन को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए, तो इसस किसानों को लाभ होगा और देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि पशु चिकित्सक उन जीवों की पीड़ा को समझने की कला जानते हैं, जो बोल नहीं सकते और उपचार के समय विरोध नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की उम्र और गुणवत्ता जानने का विज्ञान बताया था।




# चंद्रबाबू नायुडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री : 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायुडू के पास

## ममता के पास सिर्फ 15 लाख

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है।

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। 332 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ अरुणाचल प्रदेश के



मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर सीएम नंबर पर हैं। उनके पास करीब 165 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 167 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। हालांकि, खांडू कर्जदार मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उनके ऊपर 180 करोड़ रुपये से ज्यादा की देनदारी है। कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 21 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 30 बॅबरोड़ रुपये की अचल संपत्ति है।

सबसे कम संपत्ति वाले अन्य मुख्यमंत्रियों में जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला दूसरे नंबर पर हैं।

इनके पास भी सिर्फ 55.24 लाख रुपये की चल संपत्ति ही है। तीसरे नंबर पर केरल के सीएम पिनराई विजयन हैं। उनके पास 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 31.8 लाख रुपये की चल और 86.95 रुपये की अचल संपत्ति है।

# संगारेड्डी श्री आईमाताजी मंदिर (बडेर) में बीज महोत्सव

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी श्री आई माताजी मंदिर (बडेर) में ग्यारहवां वार्षिकोत्सव व श्री आई माताजी का 610वें अवतरण दिवस सीरवी समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया जाएगा।

प्रेम प्रजापति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया व सचिव घिसाराम काग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भादवा सुदी एकम रविवार 24 अगस्त को श्री आईमाता मंदिर को विशेष फूलों व रंग बिरंगी रौशनी से सजाकर माई का विशेष श्रंगारकर सायं 6.15 बजे से 7.30 बजे तक महिला मंडल एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7:31 बजे से भोजन प्रसाद एंव रात्री 9.15 बजे से भव्य विशाल जागरण में गणेश वंदना व आईमाँ की पूजा-अर्चना, कर ओम मुंडेल डिगरना एण्ड पार्टी द्वारा माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। भजनों के दौरान बोलियां कार्यक्रम रहेगा। अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया की अध्यक्षता में पधारे मेहमानों का स्वागत और सोमवार 25 अगस्त को प्रात: शुभ वेला में बोली लाभार्थियों द्वारा पटद्वार खोला जायेगा और माँ आई जी पूजा-अर्चना की जायेगी।

कोषाध्यक्ष मोहनलाल चोयल, लिखमाराम शानपुरा द्वारा आय व्यय का विवरण, पदाधिकारियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करना, सचिव महोदय द्वारा सभा को सम्बोधन, समाज में किये गये विकासशील कार्यो का विवरण एवं धन्यवाद प्रस्ताव किया जाएगा। अध्यक्ष द्वारा सम्बोधन भाषण व धन्यवाद प्रस्ताव, दोपहर 12:31 बजे भोजन प्रसाद के पश्चात् कार्यक्रम का समापन होगा।

अवसर पर अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया, सचिव घिसाराम काग, महिला मंडली अध्यक्षा हंजा देवी परिहारिया, सचिव पोकरी देवी सोलंकी, पदाधिकारी व कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य पधार कर भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेंगे। सूचना मंत्री मलाराम बर्फा ने अपील की है कि सभी बीज महोत्सव पर अपने-अपने प्रतिष्ठान मंगल रखकर, कार्यक्रम का लाभ लें।


|| श्री गणेशाय नमः || || श्री आईमाताजी नमः || || श्री खेतलाजी भैरुजी नमः ||

## श्री आईमाताजी मंदिर (बडेर) संगारेड्डी

छत की पाषाण शिला से केशर ज्योति चमत्कार



परम पूज्य दीवान श्री माधवसिंहजी

श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण दिवस समारोह

: शुभस्थल : श्री आईमाताजी मंदिर (बडेर), संगारेड्डी जिला, तेलंगाना

## ग्यारहवां वार्षिक महोत्सव

: कार्यक्रम :

आज रविवार 24 अगस्त 2025
सायं 7.15 बजे से 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम
9.15 बजे से सम्पूर्ण रात्रि भजन
(भजन गायकार: ओमजी मुंडेल एंड पार्टी)

: भजन गायकार :



कल सोमवार 25 अगस्त 2025
प्रात: वेला मे बोली लाभार्थीयों द्वारा पटद्वार खोलना एवं पुजा-अर्चना * प्रात: 10.31 बजे से धर्मसभा
पधारे मुख्यअतिथियों का पदाधिकारियों द्वारा स्वागत
अध्यक्ष व सचिव द्वारा सम्बोधन,
कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय विवरण

महाप्रसादी मध्यान् 12.15 बजे से

:निवेदन: समाज बन्धुओ से निवेदन है इस विज्ञापन को मान देकर सपरिवार सहित पधारकर श्री आईमाताजी की सांची ज्योत के दर्शन, भजनों एवं प्रसाद का लाभ लेवे

विशेष निवेदन: सोमवार 25 अगस्त को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे

: निवेदक :
मय कार्यकारिणी एवं समस्त सीरवी समाज संगारेड्डी, हैदराबाद
एन.एच.65, मल्कापुर, मंडल: कोन्डापुर, जिला: संगारेड्डी-502295 (तेलंगाना)

: अध्यक्ष : रुगाराम परिहारिया 9440080275
: सचिव : घीसाराम काग 9440082853

Prem Prajapathy



स्थापना: 2018 | श्री गणेशाय नमः | श्री आईमाताय नमः | श्री राधा कृष्णा नमः | श्री भैरुजी नमः



## सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर असोसिएशन

हैदराबाद बंडलागुडा के तत्वावधान में

### दूसरा वार्षिक सम्मेलन एवं श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण दिवस

: शुभस्थल : श्री आईमाताजी मंदिर मुतुगुडा, बंडलागुडा, एल.बी.नगर, हैदराबाद

: मांगलिक कार्यक्रम :

**आज रविवार दि.24 अगस्त 2025**
* सायं 4.15 बजे से 7.15 बजे तक महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम *
* रात्रि 9.15 बजे से जागरण *
भजन गायकार: अमर नाथ एंड पार्टी

**कल सोमवार दि.25 अगस्त 2025**
* प्रात: वेला में पुजा-अर्चना, धर्मसभा का आयोजन एवं स्वागत समारोह *
प्रात:11.30 बजे से भोजन-प्रसादी

:निवेदन: सीरवी समाज बन्धुओ से निवेदन है 25 अगस्त को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सपरिवार पधारकर दर्शन, भजनों व कार्यक्रम का लाभ लेवे

: निवेदक : सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर असोसिएशन हैदराबाद बंडलागुडा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| : अध्यक्ष : वेनाराम चोयल 9989192142 | : उपाध्यक्ष 1 : धन्नाराम देवड़ा 9849318357 | : उपाध्यक्ष 2 : चुन्नीलाल पँवार 9866496329 | : उपाध्यक्ष 3 : छोगालाल गहलोत 9246526367 |
| : सचिव : प्रकाश सेपटा 9849039585 | : सहसचिव : मोहनलाल चोयल 9949552516 | : कोषाध्यक्ष : लक्ष्मणराम परिहार 9849576477 | : सहकोषाध्यक्ष : स्वरुपराम पँवार 9848575759 |

सलाहकार: जगदीशप्रसाद काग, देवाराम आगलेचा, खंगारराम सेपटा, डायाराम सोलंकी
मनोनित सदस्य: जुगराज सोलंकी, हरिलाल लचेटा, ताराराम पंवार, चेनाराम काग, चम्पालाल आगलेचा, चिमनाराम चोयल, वेनाराम पंवार, ताराराम चोयल, तिलोकराम पंवार, दयाराम परिहार, खेलमंत्री: मांगीलाल चोयल, राजाराम मुलैवा, मीडिया प्रभारी: खंगारराम मुलैवा एरिया मेम्बर: कानाराम चोयल (एल.बी.नगर), सोहनलाल चोयल (एन.टी.आर.नगर), रामलाल परिहार (संतोष नगर), मनाराम देवड़ा (अल्कापुरी), केनाराम काग (साई नगर), लिक्माराम लचेटा (नागोल), रामलाल काग (मोहन नगर), अमराराम मुलैवा (बंडलागुडा), भंवरलाल मुलैवा (आनंद नगर), लकाराम भायल (वनस्थलीपुरम), शंकरलाल गेहलोत (मंसूराबाद), रमेश वरपा (हयात नगर), दुर्गाराम सिन्दड़ा (पेदा अम्बरपेट, मन्नानूर), राजाराम चोयल (कुंटलूर), दौलाराम काग (अब्दुलापुर मेठ)

P.Solankey



श्री आईमाताय नमः | श्री गणेशाय नमः | श्री हनुमन्ते नमः | श्री खेतलाजी नमः

" या देवी(श्री आईजी) सर्वभूतेषु ज्योति रुपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नमः।। "

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट (अलमासगुड़ा) हैदराबाद तेलंगाना

### का 9 वाँ वार्षिक सम्मेलन एवं श्री आईमाताजी का 610 वाँ अवतरण दिवस समारोह

**आज भादवा सुदी एकम् रविवार 24 अगस्त 2025**
जागरण रात्रि 8.15 बजे से सम्पूर्ण रात्रि



: भजन गायकार : जेठुसिंह घेनड़ी

: शुभस्थल : श्री आईमाताजी मंदिर (वडेर) करमनघाट (अलमासगुड़ा), हैदराबाद



मुख्य मंदिर

**कल भादवा सुदी बीज (दुज) महोत्सव सोमवार 25 अगस्त 2025**
* गणेश वंदना एवं आईमाताजी की पूजा-अर्चना, महाआरती प्रात: 9.15 बजे से
* अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा को सम्बोधन
* बहार से पधारे हुए मेहमानों का स्वागत समारोह
* कोषाध्यक्ष महोदय द्वारा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत करना
* सचिव महोदय द्वारा किये गये विकासशील कार्यो से समाज को अवगत कराना एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित

महाप्रसादी प्रात: 11.15 बजे से

: निवेदक : कार्यकारिणी एवं समस्त सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट (अलमासगुड़ा) हैदराबाद तेलंगाना

* अध्यक्ष: प्रकाश आगलेचा 9177167753 * सचिव: पुखराज चोयल 9948282401 * कोषाध्यक्ष: दौलतराम पंवार 9848582121

: उपाध्यक्ष 1 : भाणाराम वरपा, : उपाध्यक्ष 2 : चेनाराम सिन्दड़ा, : सहसचिव : गजाराम सैंणचा, : सहकोषाध्यक्ष : मंगलाराम परिहारिया, : सलाहकार : हंसाराम आगलेचा, मगाराम परिहार, वेनाराम वरपा, चौथाराम पंवार, : खेल मंत्री : धनराज वरपा, : सहखेल मंत्री : मोतीलाल चोयल, : मिडिया प्रभारी : गोविन्दराम पंवार, : कार्यकारिणी सदस्य : सुरेश वरपा (बालापुर), उमाराम काग (बडंगपेट), नत्थाराम हाम्बड़ (नादरगुल), राकेश सोलंकी, मोतीराम पंवार, गमनाराम भायल (मीरपेट), रुपाराम चोयल, राजूराम पंवार, चम्पालाल काग (करमनघाट), अशोक हाम्बड़, मांगीलाल काग (बी.एन.रेड्डी नगर), नत्थाराम सोलंकी, सुरेश काग (तुर्कायामजाल), प्रकाश चोयल (इब्राहिमपट्टनम), : मनोनित सदस्य : हिरालाल सैंणचा, चुन्नीलाल वरपा, नेमाराम काग, रुपाराम आगलेचा, भारमल वरपा, चुन्नीलाल वरपा, हेमाराम खंडाला, भंवरलाल वरपा, लालाराम हाम्बड़, मोहनलाल सैंणचा, दीपाराम काग, विनोद गेहलोत, : सहयोगी सदस्य : पेमाराम सिन्दड़ा, रमेश भायल, पिताराम परिहार, स्वरुपराम वरपा, खीमाराम गेहलोत, चुन्नीलाल वरपा, चुन्नीलाल चोयल, रमेश लचेटा, तेजाराम काग, हंसाराम काग

मुख्य पुजारी : अबारामजी सोलंकी * अ.भा.सीरवी महासभा तेलंगाना : सहसचिव: गिरधारीलाल काग, सदस्य: राजुराम सेपटा

: शुभकामनाओं सहित :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गमनाराम भायल भवानी ट्रेडर्स आर.एन.रेड्डीनगर, मीरपेट | रमेशकुमार सोलंकी पूनम मार्केटिंग अलमासगुड़ा | प्रकाश खंडाला भारत सेल्स अलमासगुडा | भंवरलाल वरपा सत्यम इलेक्ट्रीकल्स मीरपेट | मोतीराम पंवार आईमाताजी इंटीरियर वुड एंड कबोड वर्क्स, अलमासगुडा, मीरपेट | राकेश सोलंकी महालक्ष्मी मार्केटिंग मीरपेट | सुरेश चोयल हनुमान हार्डवेयर अलमासगुड़ा | चुन्नीलाल वरपा श्री गणेश मार्केटिंग मीरपेट | भंवरलाल भायल मारुती ट्रेडर्स एल.बी.नगर, नन्दी हिल्स | दौलतराम पंवार,हीराराम देवड़ा जय भवानी हार्डवेयर मीरपेट |
| गिरधारीलाल काग गणेश पॉन ब्रोकर्स मीरपेट | ऊमाराम,लच्छाराम काग शुभम पेन्टस् बडंगपेट | रमेश लचेटा श्री कविता मार्केटिंग बडंगपेट | दीपाराम काग विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स कोंगरा कलान | कैलाश वरपा आशीर्वाद पेन्टस् प्रा. लि. बडंगपेट | मोतीलाल चोयल माताजी इलेक्ट्रीकल्स एंड हार्डवेयर, बडंगपेट | चेनाराम सिन्दड़ा श्री जगदम्बा इलेक्ट्रीकल्स हार्डवेयर बडंगपेट | प्रकाश चोयल श्री गणेश इलेक्ट्रीकल्स इब्राहिमपट्टनम | राजुराम सेपटा महालक्ष्मी ज्वैलर्स इब्राहिमपट्टनम | पिताराम परिहार श्री आईमाताजी ट्रेडर्स इब्राहिमपट्टनम |
| नत्थाराम सोलंकी भवानी हार्डवेयर बोंग्लूर गेट | रमेश भायल सागर मार्केटिंग बोंग्लूर गेट | मोहनलाल सैंणचा मोहन इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर तुर्कायामजाल | नेमाराम काग जय लक्ष्मी पॉन ब्रोकर्स तुर्कायामजाल | सुरेश काग धनलक्ष्मी होम एप्लायंसेज तुर्कायामजाल | विनोद गेहलोत गायत्री इलेक्ट्रीकल्स तुर्कायामजाल सागर एक्स रोड | चुन्नीलाल वरपा सत्यम मार्केटिंग आर.सी.आई रोड बालापुर | रुपाराम आगलेचा तिरुमला मार्केटिंग आर.सी.आई रोड बालापुर | ललित, प्रकाश आगलेचा श्री भवानी मार्केटिंग आर.सी.आई रोड, बालापुर | वेनाराम वरपा वी.के चौधरी ट्रेडर्स बालापुर एक्स रोड |
| मगाराम परिहार बालाजी ज्वैलर्स बालापुर एक्स रोड | सुरेश, हेमाराम वरपा लक्ष्मी सैनिटरी वेयर नादरगुल | भाणाराम वरपा,मुकेश पंवार रामदेव हार्डवेयर, पेन्टस् बी.एन.रेड्डीनगर | मांगीलाल काग हनुमान मार्केटिंग सागर कॉम्प्लेक्स | खीमाराम गेहलोत कृष्णा इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, सागर कॉम्प्लेक्स | सोहनलाल परिहार जय लक्ष्मी मार्केटिंग सागर कॉम्प्लेक्स | गोविन्दराम, राजाराम पंवार रेनोवो हाउस बी.एन.रेड्डीनगर | स्वरुपराम वरपा धनलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, बी.एन.रेड्डी नगर | गजाराम सैंणचा जगदम्बा ग्लास एंड प्लाईवुड हस्तिनापुरम | हंसाराम काग अम्बिका प्लाईवुड ग्लास नागोल |
| अशोक,नरेश,प्रवीण हाम्बड़ महालक्ष्मी ट्रेडर्स हस्तिनापुरम | डूंगाराम सोलंकी चौधरी ट्रेडर्स हस्तिनापुरम | अशोक हाम्बड़ न्यु पूजा प्लाईवुड एंड हार्डवेयर हस्तिनापुरम | लालाराम, दिनेश हाम्बड़ पूजा इलेक्ट्रीकल्स हस्तिनापुरम | कैलाश मुलैवा महालक्ष्मी प्लाईवुड एंड हार्डवेयर हस्तिनापुरम | भुंडाराम,मुकेश,ओमप्रकाश,प्रदीप परिहार श्री रामा इलेक्ट्रीकल्स वनस्थलीपुरम | पुखराज चोयल हनुमान इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, सरुरनगर | हिरालाल सैणचा,अशोक लचेटा देवी इलेक्ट्रीकल्स सरुरनगर | चुन्नीलाल चोयल संगम इलेक्ट्रीकल्स सहीदाबाद | पुनाराम गेहलोत विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स गडीयानारम दिलसुखनगर |
| भारमल वरपा रामदेव इंटरप्राईजेज गडीयानारम दिलसुखनगर | रुपाराम चोयल न्यू संगम ट्रेडिंग कम्पनी अशोक बाजार | राजाराम, सुरेश पंवार श्री रामदेव ट्रेडिंग कम्पनी आर.एन.रेड्डी नगर | चम्पालाल, नरेश काग अष्टलक्ष्मी ट्रेडर्स गायत्री नगर | हेमाराम खंडाला न्यू संगम ट्रेडिंग कम्पनी अशोक बाजार | मनाराम, हंसाराम आगलेचा, प्रकाश, मुकेश चोयल श्री बाबा रामदेव ट्रेडिंग कम्पनी अलमासगुडा | पेमाराम सिन्दड़ा ओम साई हार्डवेयर एंड पेन्टस् गायत्री नगर | धनाराम वरपा कमल इंटरप्राईजेज गायत्री नगर | चौथाराम पंवार श्री साई इलेक्ट्रीकल्स करमनघाट | तेजाराम काग सीरवी इलेक्ट्रीकल्स करमनघाट |
| मंगलाराम,पूनाराम परिहारियां मंगल ज्वैलर्स एंड मनी लैंडर्स नादरगुल | नत्थाराम हाम्बड़ महालक्ष्मी मार्केटिंग नादरगुल | चुन्नीलाल वरपा गणेश मार्केटिंग नादरगुल | रमेश, प्रकाश काग मुकेश ट्रेडिंग कं, विजय धनलक्ष्मी मार्केटिंग, आदिपटला | | | | | | |

: निवेदन : समस्त स्वजातिय बंधुओ से विनम्र निवेदन है कि सोमवार 25 अगस्त को अपने प्रतिष्ठान (दुकान) बंद रखे एवं कार्यक्रम मे सपरिवार पधारकर सेवा, दर्शन व प्रसाद का लाभ लेवे सा।

P.Solankey



॥ श्री गणेशाय नमः ॥
सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना
का बारहवां (12) वार्षिक सम्मेलन एवं
श्री आईमाताजी का 610 वाँ अवतरण दिवस
आज भादवा सुदी एकम् रविवार 24 अगस्त 2025
मध्यान् 2.15 बजे से महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम
रात्रि 7.15 बजे से जागरण
(मध्यरात्रि श्री आईमाताजी मंदिर शिलान्यास के लिए बोलियां लगाई जाएगी)
कल भादवा सुदी बीज (दुज) सोमवार 25 अगस्त 2025
✽ प्रातः 9 बजे से गणेश वंदना व श्री आईमाताजी की पूजा-अर्चना
✽ श्री आईमाताजी के भव्य मंदिर का शिलान्यास(पाया भरने का मुहूर्त)
प्रातः 9.10 बजे से 10.45 बजे तक
✽ प्रातः 10.15 बजे से धर्मसभा एवं पदाधिकारियों
द्वारा पधारे अतिथियों का स्वागत
✽ प्रातः 11.15 बजे से भोजन (प्रसादी) ✽
: प्रमुख भजन गायक :
रमेश माली एंड पार्टी, पाली
: अभीनेत्री भजन गायिका :
नूतन गहलोत, जोधपुर
: भजन गायकार :
प्रमोद सोनी, सिरियारी
:शुभस्थलः पी.जे.आर. इन्केलेव, श्री आईमाता मंदिर, शेरीलिंगमपल्ली
: निवेदक : सीरवी समाज ट्रस्ट कार्यकारिणी समिति एवं महिला मंडल शेरीलिंगमपल्ली, हैदराबाद
सीरवी समाज ट्रस्ट कार्यकारिणी समिति
: अध्यक्ष : मनोज बर्फा (मोहनलाल) प्रकाश ग्लास एंड प्लाईवुड अशोकनगर 7893900155
: उपाध्यक्ष : मांगीलाल परिहारिया श्री राम ट्रेडिंग, बोलारम 9848234111
: उपाध्यक्ष-2 : खंगारराम श्री रामा एजेन्सी मियापुर 9652563672
: सचिव : मांगीलाल सोनपरा ओम प्लाईवुड बीरमगुडा 9441887188
: सहसचिव : ताराराम लचेटा भवानी हार्डवेयर मदीनागुडा 9989273578
: कोषाध्यक्ष : विनोद गेहलोत जय भवानी प्लाईवुड अशोकनगर 9000980980
: कोषाध्यक्ष : वेनाराम परमार श्री जय भवानी इंटरप्राइजेस अशोकनगर 9849171456
: मनोनित सदस्य : शेषाराम लचेटा भवानी डोर एंड प्लाईवुड बोलाराम 8686338683
खीवाराम देवड़ा पवन इलेक्ट्रीकल्स एंड हार्डवेयर शेरेलिंगमपल्ली 9440724522
: कार्यकारिणी मेम्बर :
दूदाराम सेपटा विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स इशनापुर 9618239475
जेपाराम बरपा पवन इंटरप्राईजेस इशनापुर 9966599825
तेजाराम राठौड़ पूजा ट्रेडिंग पटेनचेरु 9849473805
मांगीलाल चोयल ममता इलेक्ट्रीकल्स पटेनचेरु 9849733346
पुनाराम सोलंकी श्री बालाजी इलेक्ट्रीकल्स रामचंद्रापुरम 9440405706
भीकाराम बरपा जगदम्बा इलेक्ट्रीकल्स बीरमगुडा 9440043935
जोगाराम चौधरी पुजा इलेक्ट्रीकल्स चंदानगर 9441741866
सुरेश बर्फा गोयल सेनेटरी चंदानगर 9490770416
चुन्नीलाल सोलंकी जगदम्बा इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर पेन्टस् निजामपेट 9949429988
मांगीलाल लचेटा मुकेश कोयर रोपस् जे.पी.नगर 9966451685
जीताराम सेणचा पवन सुपरमार्केट मियापुर 9490976845
भैराराम लचेटा नल्लागंडला 8919589749
मोहनलाल सोलंकी श्री माताजी मार्केटिंग बिरमगुडा
मांगीलाल काग महालक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स बाचुपल्ली 9110757878
रुपाराम देवड़ा जे.पी.नगर 9550696668
वेनाराम चोयल विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल कोन्डापुर 9491159961
अरविन्द काग हनुमान ट्रेडर्स बोलारम 9550000125
दालाराम बरपा श्री राम इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर बाचुपल्ली 9848569174
राजुराम चोयल तिरुपति इलेक्ट्रीकल्स श्रीरामनगर 9849159016
कालूराम मोगरेचा चौधरी ज्वैलर्स मल्लमपेट 9908822424
घीसाराम काग कावेरी इंटरप्राईजेस नल्लागंडला 9959973158
खरताराम चौधरी पवन इलेक्ट्रीकल्स अमीनपुर 9493123971
गमनाराम परिहार श्रीरामा पेन्टस् एंड हार्डवेयर मदीनागुडा 9848287541
सुनिल पंवार पी.जे.आर. 9640971662
अशोक लचेटा भवानी हार्डवेयर निजामपेट 9618938313
मोहनलाल राठौड़ माताजी किराणा स्टोर निजामपेट 9177196866
: कार्यकारिणी मेम्बर :
देवाराम हाम्बड़ बिरमगुडा
मोहनलाल बरपा बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी बिरमगुडा
खीवाराम सोनपरा श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स लिंगमपल्ली
भुराराम बरपा पवन इलेक्ट्रीकल, हार्डवेयर गोकुल प्लॉट
रमेश लचेटा भवानी सेनेटरी चंदानगर 9985498557
रुपाराम सैंणचा जॉय प्लाईवुड कोन्डापुर 8121189396
: सलाहकार :
नत्थाराम पंवार चौधरी हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रीकल्स मल्लमपेट 9347523958
प्रकाश बरपा न्यु भगवती इलेक्ट्रीकल्स, पेन्टस् अशोकनगर 9440858599
बालाराम सोनपरा श्री स्वर्णा मार्केटिंग शेरेलिंगमपल्ली 9949213723
मोटाराम लचेटा चौधरी हार्डवेयर एंड पेन्टस् मदीनागुडा 9000433666
: निवेदन : समाज बन्धुओं से निवेदन है सपरिवार राजस्थानी वेष-भूषा मे पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे
: विशेष निवेदन : सोमवार 25 अगस्त 2025 को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे
सीरवी समाज ट्रस्ट महिला मंडल
: अध्यक्षा : इन्द्रा गेहलोत जय भवानी प्लाईवुड एंड ग्लास, अशोकनगर
: उपाध्यक्षा 1 : प्रेमादेवी सैंणचा भवानी सुपर मार्केट बीरमगुडा
: उपाध्यक्षा 2 : रुकमादेवी काग भवानी ज्वैलर्स, लिंगमपल्ली
: सचिव : गीतादेवी देवड़ा बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी बीरमगुडा
: सहसचिव : रेखादेवी काग माताजी इलेक्ट्रीकल्स, तेल्लापुर
: कोषाध्यक्षा : पुष्पा गेहलोत जयलक्ष्मी प्लाईवुड रामचन्द्रापुरम
: सहकोषाध्यक्षा : लीलाबाई राठौड़ भवानी बाथ स्टूडियो अशोक नगर
: मनोनित सदस्या : सुकियाबाई प्रकाश ग्लास एंड प्लाईवुड अशोकनगर
: कार्यकारिणी मेम्बर :
भंवरीबाई न्यु भगवती इलेक्ट्रीकल्स एंड पेन्टस् अशोकनगर
गटुबाई लचेटा भवानी सेनेटरी चन्दानगर
प्यारीबाई चोयल पवन पेन्टस् चन्दानगर
विमला सोनपरा ओम प्लाईवुड बिरमगुडा
लीलादेवी काग रामदेव प्लाईवुड आर.सी.पुरम
दीपु बरपा आईमाता हार्डवेयर बीरमगुडा
उगियाबाई राठौड़ भवानी मार्केटिंग इस्नापुर
पुष्पाबाई सेपटा विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रीकल इस्नापुर
पुष्पादेवी काग सत्यम ट्रेडर्स इशनापुर
दाकुबाई सोनपरा लक्ष्मी ट्रेडर्स लिंगमपल्ली
मंजुदेवी काग लिंगमपल्ली
लीलाबाई लचेटा ताराराम एंड को., मियापुर
कमलाबाई गेहलोत मियापुर
: कार्यकारिणी मेम्बर :
मंजु बरपा मदिनागुडा
संतोष काग मदिनागुडा
संतोष चोयल कोन्डापुर
इन्द्राबाई नल्लागन्डला
मंजु लचेटा मल्लमपेट
सुमन सेपटा बाचुपल्ली
तारादेवी देवड़ा बाचुपल्ली
कमलाबाई बजरंग प्लाईवुड एंड हार्डवेयर एच.एम.टी.
लक्ष्मीबाई मुकेश कोयर रोपस् जे.पी.नगर
: सलाहकार :
शांति पंवार पी.जे.आर
देवीबाई चोयल पूजा इलेक्ट्रीकल्स चन्दानगर
कविता परमार श्री जय भवानी मार्केटिंग अशोकनगर
पीनीबाई सोनपरा श्री सुवर्णा मदिर, लिंगमपल्ली
कमलाबाई आगलेचा बालाजी इलेक्ट्रीकल्स चन्दानगर
✽ : अध्यक्ष : मनोज वरपा 7893900155 ✽
✽ : सचिव : मांगीलाल सोनपरा 9441887188 ✽
✽ : कोषाध्यक्ष : विनोद गेहलोत 9000980980 ✽
: शुभकामनाओं सहित :
रमेश लचेटा भवानी सेनेटरी चन्दानगर 9985498557
मोहन लचेटा भवानी बाथ स्टूडियों अशोकनगर 9491231605
✽ : अध्यक्षा : इन्द्रा गेहलोत ✽
✽ : सचिव : गीता देवड़ा ✽
✽ : कोषाध्यक्षा : पुष्पा गेहलोत ✽
P.Solankey

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद



सु वि चा र
निंदा से घबराकर लक्ष्य को ना छोड़ें क्योंकि लक्ष्य मिलते ही निंदा करने वालों की राय बदल जाती है

## चूहों ने कस्तूरबा विद्यालय की 10 छात्राओं को काटा

करीमनगर, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शंकरपट्टनम मंडल के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की कम से कम 10 छात्राएं शुक्रवार रात छात्रावास में सोते समय चूहों के काटने से घायल हो गईं। सूत्रों के अनुसार, चूहे छात्रावास के कमरे में घुस आए और सोते हुए छात्राओं पर हमला कर दिया। घायल छात्राओं को इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस घटना से आवासीय विद्यालय में स्वच्छता और सुरक्षा की स्थिति को लेकर अभिभावकों में चिंता पैदा हो गई है।




## मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा, "मूसी का कायाकल्प किया जाएगा"

### आईटीपीआई दक्षिण क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के आईटी एवं उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने शनिवार को मूसी नदी के पुनरुद्धार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विरोध के बावजूद इस परियोजना से "पीछे हटने" का कोई इरादा नहीं है। जब भी कोई अच्छी पहल की जाती है, तो हमेशा कुछ ताकतें उसे रोकने की कोशिश करती हैं। मूसी के मामले में भी यही सच है। लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिए, हम इस मिशन को पूरा करेंगे। तेलंगाना जल संसाधन संरक्षण में एक आदर्श के रूप में खड़ा होगा। वे बंजारा एक होटल में आईटीपीआई तेलंगाना क्षेत्रीय अध्याय द्वारा आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया (आईटीपीआई) के दक्षिण क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। सम्मेलन का विषय था "जैव-प्रेमी शहरीकरण की दिशा में नीतियां और रणनीतियां"। मंत्री श्रीधर बाबू ने इस बात पर जोर दिया कि शहरी नियोजन आर्थिक समृद्धि की नींव रखता है और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा विकास पर्यावरणीय स्थिरता के साथ-साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा, सिर्फ़ इमारतें बनाना ही विकास नहीं है। हमारी हर नीति, हर जंगल जो हम बचाते हैं, हर नदी जो हम पुनर्जीवित करते हैं, और हर आजीविका जो हम बनाते हैं- ये सभी अंतर-पीढ़ीगत न्याय के कार्य हैं। मंत्री ने बताया कि तेलंगाना ने शहरी हरियाली विस्तार, कार्बन-तटस्थ विकास, जल संरक्षण और सतत परिवहन में पहले ही राष्ट्रीय मानक स्थापित कर दिए हैं। उन्होंने जलवायु-अनुकूल शहरों के डिज़ाइन में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर ज़ोर दिया और ऐसी योजना बनाने का आह्वान किया जो जलवायु परिवर्तन, शहरी बाढ़, प्रदूषण, भूजल स्तर में कमी, घटते हरित क्षेत्र और तेजी से बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखे। सम्मेलन में आईटीपीआई के अध्यक्ष एन.के. पटेल, महासचिव कुल श्रेष्ठ, समन्वयक (टेक्नो एडमिन) प्रदीप कुमार, आईटीपीआई तेलंगाना क्षेत्रीय अध्याय के अध्यक्ष एस. देवेंद्र रेड्डी और सचिव के. मुरलीधर रेड्डी के साथ-साथ कई नगर नियोजक और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए।

## एआईसीसी प्रभारी सचिव विश्वनाथन पेरुमल पहुंचे हैदराबाद, मंत्रियों के साथ की अहम बैठक




हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) तेलंगाना प्रभारी सचिव विश्वनाथन पेरुमल ने जुबली हिल्स उपचुनाव की तैयारियों पर निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी मंत्रियों पोन्नम प्रभाकर, विवेक वेंकट स्वामी और तुम्मला नागेश्वर राव के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में निगम अध्यक्षों, पार्टी उपाध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और अन्य प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि जुबली हिल्स उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए राशन कार्ड, छोटे चावल, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, ब्याज मुक्त ऋण, आरटीसी में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजनाओं का घर-घर प्रचार किया जाना चाहिए। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि जुबली हिल्स में सड़कों और जल निकासी के लिए बड़े पैमाने पर विकास योजनाओं को जारी रखा जा रहा है। जुबली हिल्स में 6 हजार नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं। 20 हजार से ज़्यादा नए नाम पंजीकृत किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक बूथ के लिए एक प्रभारी व्यक्ति होना चाहिए। प्रभारी आपको जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे ठीक से निभाएं। अगर सत्ताधारी पार्टी को मौका दिया जाए, तो जुबली हिल्स का विकास होगा। सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, नाली-सड़कों की कहीं भी कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र के 7 मंडलों के प्रभारी उपाध्यक्ष और निगम अध्यक्ष सक्रियता से काम करें। मंडलों में कार्यालय खोले जाएं व राशन कार्ड, इंदिराम्मा आवास और अन्य सरकारी योजनाओं को बूथ-दर-बूथ आधार पर मंजूरी दी जाए।




## डकैत गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

### 12 अगस्त को खजाना ज्वैलर्स में की थी लूटपाट

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराद पुलिस ने चंदानगर के खजाना ज्वैलर्स में लूटपाट करने वाले दो और अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने बताया कि बीते 12 को छह अज्ञात हथियारबंद अपराधी चंदानगर स्थित खजाना ज्वैलर्स में घुस आए। उन्होंने उप प्रबंधक पर गोली चला दी, जिससे उनका बायां घुटना घायल हो गया, और लगभग 10 किलोग्राम सोने के रंग की चांदी की वस्तुएं लूट लीं। इस संबंध में चंदानगर पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस संबंध में, आशीष कुमार सिंह और दीपक कुमार साह नामक दो आरोपियों को क्रमशः 15 अगस्त को जेजुरी, पुणे और हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कबूलनामे पर लूटी गई 900 ग्राम चांदी की वस्तुएं बरामद की गईं। इसके अलावा, अनीश कुमार सिंह और प्रिंस कुमार रजक नामक दो और आरोपियों को 19 अगस्त को पिंपरी, पुणे से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कबूलनामे पर लूटी गई 1,015 ग्राम चांदी की वस्तुएं और एक देशी रिवाल्वर बरामद की गई। इनके अलावा, प्रिंस कुमार भारती (मुख्य अभियुक्त) और रोहित कुमार रजक उर्फ रोहित बैठा (जिसने गोली चलाई) नामक 22 अगस्त को अंकलेश्वर, गुजरात से भी गिरफ्तार किए गए। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने एक हथियार और कुछ चोरी के आभूषण छिपा रखे हैं, जिन्हें पुलिस हिरासत में लेने के बाद बरामद किया जाएगा। आरोपी प्रिंस कुमार भारती के खिलाफ बिहार के कई थानों में अपराधिक मामला दर्ज है। गिरफ्तारियां साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के चांदनगर थाना के एसओटी, सीसीएस, एल एंड ओ स्टाफ के संयुक्त प्रयासों से की गईं। पुलिस आयुक्त साइबराबाद ने कहा कि आभूषण की दुकानों के प्रबंधन को सलाह दी जाती है कि वे परिचालन समय के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखें और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अपने प्रतिष्ठान और निकटतम पुलिस थानों में घुसपैठ अलार्म पैनल लगाएं।




## CLASSIFIEDS

### WANTED

Wanted office Assistant female women BcScSt Chaitanya vedika ts babul Reddy nagar solitary school back side 9848386491

### CHANGE OF NAME

I, Taposi Das, Spouse of JC 773905 X, Sub, Sanjay Kumar Das, R/o, PO: Bairagarh, Dist: Bhopal, Madhya Pradesh, changed my name from Taposi Das to Tapasi Das vide Affidavit dt 25.03.2025, before SDEM(S) Court, Berhampore, Murshidabad, WB.

I, Geetha, W/o, No.14650186Y, Hav, Thavudu Chekka, R/o, Dist: Srikakulam, Andhra Pradesh, changed my name from Geetha to Chekka Geetha, vide Affidavit dt 21.08.2025, before, Medchal -Malkajgiri Court, Telangana.

I, Sushma Devi, Mother of, No.17006638F, NK, Suraj Kumar, R/o, Dist: Meerut, Uttar Pradesh, changed my name from Sushma Devi to Sushma vide Affidavit dt 22.08.2025, before Medchal -Malkajgiri Court, Telangana.

सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## सरकार ने मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के लिए 375 करोड़ रुपये आवंटित किए

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने मूसी नदी के पुनरुद्धार के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए, वित्त विभाग ने शनिवार को एक आधिकारिक आदेश जारी कर वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के लिए बजट से 375 करोड़ रुपये के आवंटन को मंज़ूरी दे दी। मूसी नदी के पुनर्वास की अपनी व्यापक योजना के तहत, सरकार ने नदी के जलग्रहण क्षेत्र में जंक्शन तक की संरचनाओं को हटाना शुरू कर दिया है। मूसी नदी से जमा कचरा हटाने का काम अभी जारी है। हाल ही में आवंटित धनराशि से मूसी नदी की सफाई के प्रयासों को और गति मिलने की उम्मीद है। एशियाई विकास बैंक ने मूसी नदी के सौंदर्यीकरण के लिए 4,100 करोड़ रुपये के ऋण को मंज़ूरी दी है। नदी के सौंदर्यीकरण और सफाई का काम संभाल रहे मूसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने राज्य के दौरे पर आई एडीबी टीम को सफाई के साथ-साथ नियोजित पर्यावरणीय पहलों की जानकारी दी। इससे मूसी सफाई परियोजना के लिए धनराशि के वितरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस पहल में मूसी नदी के दोनों किनारों पर सड़कों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास शामिल होगा। इसके अलावा, परियोजना मूसी नदी में बाढ़ के पानी और नाले के पानी के बीच प्रभावी ढंग से अंतर करने के लिए एक इंटरसेप्टर चैनल नेटवर्क डिज़ाइन का उपयोग करेगी।






# सर्व हितकारी देवता भगवान गणेश





अतुल कुमार

गणेश चतुर्थी का पर्व जीवन में उत्साह उमंग और ऊर्जा को ले कर आता है . इससे हर आयु वर्ग के लोग आनंदित होते हैं. गणेश तत्व का सार यही है कि वह ओंकार के व्यक्त रूप हैं वही आदि स्वर तथा नाद है जिससे विश्व के सारे नाम रूपों का सृजन हुआ है . उनका वक्रतुंड आकार ओंकार को प्रदर्शित करता है शंकराचार्य ने जिन मठों की स्थापना की उनमें गणेश की पूजा का विधान है शास्त्रानुसार गणेश की पूजा 61 देवी ``देवताओं की पूजा के समान है . इसलिये उनको गणाध्यक्ष कहा गया .भारतीय अध्यात्म के अनुसार वह सर्वोपरि देवता हैं किसी भी शुभ कार्य के पहले उनकी पूजा का विधान है क्यों कि वह विघ्नविनाशक हैं . उनका रूप स्वरूप अत्यंत ही मनमोहक और मंगल दायी है . यह गणेश ही हैं जिन्होंने अपने रूप से मानव हित के कई संदेश दिये . जैसे उनके एक हाथ में मोदक है जिसका अर्थ है मधुर वाणी बोलिये .यह वाणी ही है जो संबंध बनाती और बिगाडती है . आज कटु वचनों को बोलने का चलन बड रहा है तब गणेश की प्रासंगिकता और अधिक दिखायी देती है . किसी कवि ने खूब कहा " चल रहे हो धूप में तो विनायक आपकी छाया है / शरण उनकी सच्ची है बाकी सब मोह माया है "

भगवान शंकर –पार्वती के दूसरे पुत्र है पुराणों के अनुसार गणेश का सिर हाथी का है क्यों कि एक बार क्रोध में शिव ने उनका सिर काट दिया था . बाद में पार्वती के आग्रह पर शिव ने एक हाथी के सिर को गणेश के धड पर लगा दिया .बडा सिर प्रतीक है कि यह ज्ञान का युग है जिसमें जितना ज्ञान हासिल किया जाये कम है निरंतर बदलती तकनालाजी ने ज्ञान को महत्व पूर्ण बनाया तो स्किल व स्किल डेवलपमेंट ने उसको अधिक उपयोगी बनाया . गणेश का बडा सिर इसका द्योतक है कि ज्ञानार्जन की कोई सीमा नहीं है . इसलिये उनको बुद्धि ज्ञान और समृद्धि का देवता माना गया . उनका प्रसिद्ध मंत्र है " ऊं गं गणपतेय नम : " जिससे बुद्धि ,समृद्धि और ज्ञान का लाभ मिलता है ।

गणेश को विघ्नहर्ता माना गया अर्थात बाधाओं को हरने वाला .जिसका श्लोक है " वक्रतुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः निर्विघ्नं कुरु में देवा सर्व कार्येषु सर्वदा " इसके अलावा कई मंत्र है जैसे " ऊं स्वरतुंडाये हौं " गणेश पुराण के अनुसार यह एक शक्तिशाली मंत्र है अर्थात हे ! प्रभु कुटिल और कपटी बुद्धि वालों के मार्ग को सीधा करने में विलंब न करें " गणेश ने पाखंडवाद ,आडंबर का खंडन कर शास्त्रों के सार को प्रदिपादित किया वे श्रेष्ठ वक्ता और ब्रह्मविद्या के अद्वितीय सर्व हितकारी देवता : भगवान गणेशस्वामी हैं अत ; उनके हर कार्य और योजनाओं में अध्यात्म विद्या की प्रधानता है . वह महान गणितज्ञ और इतिहास के ज्ञाता हैं इसलिये " गणक गणितागमसारवित गणक कश्लाघ्य " कहे गये . अपनी बुद्धिमत्ता से संगठन - मेल जोल को बढावा दिया . गणेश उत्सव संगठन और उसकी शक्ति का अनुपम रूप है। किसी भी संस्थान की इंस्टिट्यूशन की सफलता उसकी सांगठनिक शक्ति पर निर्भर होती है ।

नेत्र इतने छोटे हैं कि वह दूसरों के अवगुण नहीं देखते या बहुत कम देखते हैं .कान इतने बडे कि सब ओर की सभी बातें उनके कान में पडती हैं पेट इतना बडा कि सब पेट में रखते हैं दूसरे की निंदा या बकवास में समय नष्ट नहीं करते हाथी की भांति हर कदम फूंक – फूंक कर रखते हैं . उनका वाहन चूहा है जो बडी तेज़ी से दूर तक जाता है फिर रुक कर चारों ओर की स्थिति को देख तेज़ गति से आगे बडता है भाव यह कि छल प्रपंच की इस दुनिया में हर ओर देख सोच समझ कर आगे बढो .शास्त्रानुसार महागणाधिपति ने ही अपनी इच्छा से अनंत विश्वों का निर्माण किया प्रत्येक विश्व में अनंत ब्रह्मांडों की रचना की इसलिये आदि देव कहलाये ।

कुशाग्र बुद्धि इतनी कि सभी कार्यों को बडी सूझ बूझ से जल्द पूरा कर देते हैं ,प्रसंगानुसार एक बार की बात है कि भगवान शंकर ने एक यज्ञ करने का निश्चय किया इस पावन यज्ञ में सभी देवी देवताओं को निमंत्रण देना था सीमित समय में इस कार्य को करना कठिन था तब मां पार्वती ने यह दायित्व गजानन को सौंपा अपने वाहन मूषक पर वह सर्वत्र कैसे पहुंचते ? पर उन्होंने उपाय ढूंढ निकाला वे विद्या और बुद्धि के देव जो हैं सोचा ."मेरे परम पिता महादेव के पावनतम अंग़ में समस्त देवता वास करते हैं यह सोच सर्वदेवमय पशुपति की तीन बार प्रदक्षिणा की और वहीं सभी देवताओं को यज्ञ में पधारने का निमंत्रण दिया .फलतः समस्त देवताओं को सर्वलोक महेश्वर शिव के यज्ञ की सूचना और निमंत्रण प्राप्त हो गये और सभी देवता यज्ञ में सम्मिलित होने ठीक समय पर उपस्थित हुए " यह प्रसंग मनुष्य को समझदारी और योजना का पाठ सिखलाता है . किसी ने गणेश महिमा पर खूब कहा " माता पिता के चरणों में जो ब्रह्मांड देख पाया / वही देव इस जगत में प्रथम पूज्य बन पाया / / "

गणेश व गणपति का अर्थ है " जनता के स्वामी" .गणेश आराधना इस बात का रिमाइंडर है कि जीवन में किन मूल्यों को आत्मसात करे ! जिससे कि जीवन में आगे बढ सके . ज़िंदगी के सभी रास्तों को सफलता पूर्वक पार करने के लिये गणेश पूजन सुगम पथ है क्यों कि वो विघ्नेश्वर हैं . इसलिये हर शुभ कार्य के पूर्व और घर के द्वार तथा भवन आदि पर उनकी मूर्ति स्थापित की जाती है ताकि सर्व मंगल हो इसलिये उनको शुभ गुण कानन भी कहा गया .मूलतः गणेश जल के देवता हैं उसीसे प्रकट हो उसी में समा जाते हैं इसलिये जल ही जीवन है की मान्यता प्रसिद्ध है . उनके बिना सुख ,समृद्ध और स्वस्थ्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती विसर्जन के दौरान भक्त उनकी स्तुति में आग्रह पूर्वक जय घोष करते हुए कहते हैं " `अगले बरस तू जल्दी आ. " यह श्रद्धा भाव चरम है ?

वास्तव में विघ्नेश मनुष्य के जीवन ,मनन ,चिंतन रहन – सहन और कथन आदि के अभिन्न भाग हैं जो साथ अपरंपार खुशी को ला सारे दुखों को हर जाते हैं . इसलिये गणेशोपासना को ईश्वरोपासना माना गया . ज्ञान , विज्ञान ,प्रकृति , ज्योतिष और औषधि इत्यादि का देव उन्हीं को माना गया क्यों कि वह सर्वहितकारी हैं . किसी ने खूब कहा " जीवन के सुख सागर को लहराने दो / रोक न पायेगा कोई ,एकदंत की कृपा को पा ले जो //

# काव्य कुंज

## यह नया दौर



गजानन पाण्डेय

कुछ लोग ,

जो प्यार के नाम पर
धोखा देते हैं
अपनत्व दिखाकर ठगते हैं
प्यार को यूं बदनाम करते हैं ।
ये नया दौर , नया चलन
कहां ले जाएगा ?
रिश्तों को बदनाम कर के
ज़िंदगी भर का ज़ख्म दे जाएगा ।
कल ऐसे भी लोग थे
जो दुख - सुख में साथ निभाते थे
अपने होने का एहसास दिलाते थे
न जाने कहां गए वे लोग ?
ले ले कस्मे - वादे भी
होठो पर प्यार की मुस्कान हमेशा रहे
खुशियो का मान रख ले,
प्यार का मान - सम्मान रख ले
जग तुझ पर गर्व करेगा
तू रहे हमेशा सदा - सिदा
सादगी तेरे मुख पर छलके
खुशियाँ का जादू सब मे बांटता रह ॥

## जिंदगी भी क्या?



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

यह जिंदगी भी क्या
कुछ खटटी कुछ मिठी
ओठो पे हसी भी क्या
कुछ गिली कुछ भोली
नजरो मे चाहत भी क्या
कुछ लेना कुछ देना
छुने मे आहसास भी क्या
कुछ नरम कुछ गरम
आवाजकी पहचान भी क्या
कुछ मर्द कुछ दर्द
बारिश का पानी भी क्या
कुछ ओले कुछ बुंदे
समुंदर की लहर भी क्या
कुछ उंची कुछ नीची
रिश्तो की इज्जत भी क्या
कुछ पाना कुछ खोना
जिंदगी का मतलब भी क्या
कुछ मरना कुछ जीना ॥


## मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं



कुमुद बाला,
हैदराबाद

हमें किस बात का है डर जब,
इस कलम की धार दोधारी है
लक्ष्य भेद राह दिखाने वाले ,
मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं
कलियुग में दिलों को जीतना ,
इतना आसान नहीं
जूठे बेर खाकर मुस्काना ,
इतना आसान नहीं
रणभूमि में अपनों से जीतना , भी आसान नहीं
मोह त्याग कर जग में जीना , इतना आसान नहीं
आसान नहीं कुछ भी यहाँ , उमंग पर जंग ने की तैयारी है
लक्ष्य भेद राह दिखाने वाले , मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं
कठिनाइयों के नाम पर , रोना सब को आता है
मेहनत से बचने का तरीका , ढूँढना आता है
एक दिन में आ गये करोड़ों,तो मंदिर जाना पक्का
श्रम करने की बात पर बंगले , झाँकना आता है
कलियुग में रिश्वत है खास,इसलिए क़िस्मत में ही बेकारी है
लक्ष्य भेद राह दिखाने वाले , मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं
कलियुग की हर रीत निराली , कोई नहीं किसी का
सब की आँखों में धूल झोंकना , मस्त खेल सभी का
ताले के अंदर शिव-शंकर,बाहर घिरनी चक्कर खाय
साथ बुराई , अच्छाई के भी , दाने पिस - पिस जाँय
चाकी का खेल समझ ले बंदे,बस भव सागर पार की बारी है
लक्ष्य भेद राह दिखाने वाले , मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं
गुरू बिन ज्ञान न होवे , कब सीखेगा मूरख प्राणी
संयम की राह पे चल न पाये , तो किसकी है हानि ?
अभी तो बंधी है मुट्ठी यह , कब जाने खुल जायेगी
धीरज धर , उतार हृदय में , अपने कबीर की बानी
जीवन का सत्य यही तू,बाँध गाँठ,छोड़ सभी हिस्सेदारी है
लक्ष्य भेद राह दिखाने वाले , मेरे सुदर्शन चक्रधारी हैं

## खुशियाँ



टी तारासिंह
हैदराबाद

खुशियाँ दी है रब ने
दामन भर कर रख लेना
न धन चाहिए ओर न ही दौलत
इस दुनिया मे खुशियाँ ही है बडी पूंजी
मुश्किलो से मिलती है खुशियाँ
किस्मतवालो को मिलती है खुशियाँ
दीदार कर ले , नमन कर ले

## एक बार फिर से मिलना



मनीषा मंजरी
दरभंगा

हो सके तो एक बार फिर से, मिलना तुम मुझसे,
कोरे मन की समतल धरा पर, खिलते ख्वाब की तरह।
जो पर्वतों से रिसकर सागर को ढूंढती हैं,
उन धाराओं की तरह नहीं,
समंदर की गहराईयों में छिपे,
बवंडर के सूक्ष्म राग की तरह।
वो साथ पक्षों में बंटें,
आधे-अधूरे चंद्रमा सा ना हो,
संग मेरे रहना तुम,
सूरज के शाश्वत आकार की तरह।
क्षणभंगुर समय की टूटी कश्ती,
पर चढ़कर आना नहीं,
आना दूर तक फैले हरित मैदानों को,
लांघते घुड़सवार की तरह।
इस बार क्षितिज पर डूबती सांझ, बनकर आना ना तुम,
तुम पहुंचना मुझतक, आकाश के अनंत विस्तार की तरह।
जो पलकों का भार बनकर अब भी टूट कर बिखरती है,
उन अश्रुओं की तरह नहीं,
ठहर जाना तुम, अधरों पर मुस्कुराहटों के बौछार की तरह।
अब नहीं आना तुम, बंद दरवाजों में गूंजती मेरी पुकार की तरह,
इस बार देना तुम दस्तकें, खुलते आयामों के एक नए संसार की तरह।

## पिता-संघर्ष की मूर्ति



कमलेश झा

घर के दरवाज़े का रक्षक,
अंदर का आत्म-विश्वास।
बरगद बनकर छाया देता,
मिलता जब पिता का साथ।।
एड़ी घिसते अपने वो,
हमें दिलाते जूते ख़ास।
फटे कपड़ों को गमछे से ढकते,
मन में रखते दृढ़ विश्वास।।
धूप में जलते उनके पाँव,
तन पर नहीं कोई छाँव।
दर्द छुपाते हँसी में वो,
थकान बदलते मुस्कान में वो।।
पिता पेड़ बनकर खड़े,
सह लें आँधी के झोंके,
खाली जेब में भी आश, सपनों से घर को संजोए।
अपने हिस्से की रोटी देकर, बच्चों को करते सबल।
नींद बेचकर रातों की, खपते जाते आने वाले कल।।
कंधों पर घर का बोझ उठाए, आँखों में उम्मीद जगाए।
बच्चों की हँसी के पीछे, हर दुख अपना छुपाए।।
थकी हुई आँखों में सपने, हमारे लिए सजाए रखते।
अपनी चिंता किए बिना, हमारी ज़रूरतें पूरी करते।।
कभी खेतों में पसीना, कभी शहर की गलियों में दौड़।
दिन कटा संघर्ष में उनका, सपनों की खातिर जोड़े होड़।।
कभी ज़ुबां से न कहा, कितनी मुश्किलें सह लीं।
बस हथेलियों पर पड़े छाले, मेहनत की कहानी कह दीं।।
पिता सिर्फ़ नाम नहीं, संघर्ष का बनते पर्याय।
वो अनसुना गीत हैं जो, परिवार को लय में लाय।।

## तुमने जो जब कहा मान लिया



संजीव ठाकुर,
रायपुर

तेरी मुस्कुराहट का राज जान लिया
तेरी हर चाहत को मैंने पहचान लिया।
पास काफी मेहनत से किया हमने
जिंदगी नें जब जो इम्तिहान लिया।
अपनी मर्जी कब चलाई हमने
तुमने जो जब कहा मान लिया।
वे रोज इस तरफ होकर गुजरते हैं
लो इस रास्ते अपना मकान लिया।
उस बात को हमेशा पूरा ही किया
हमने जैसा भी मन में ठान लिया।
आप चाहे जो नाम दें इस दोस्ती को
हमने तो इस पर हमेशा गुमान किया।

## मजबूत इरादे



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

बहुत सोच लिया तुमने अब
अपने सपने को पूरा कर,
मज़बूत इरादे उर में भर
और हिम्मत से तू आगे बढ़ ।
गर रहोगे बैठे सोचते तुम
तो कभी ना कुछ कर पाओगे,
मजबूत इरादे जब होंगे तो
गगन में झंडे गाड़ोगे ।
मजबूत इरादे देख तेरा
पत्थर पानी हो जाएगा, जब तू उससे टकराएगा
वो चूर- चूर हो जाएगा ।
मजबूत इरादे देख तेरा
शत्रु भी तुमसे कांपेगा, तेरा बुरा कुछ करने से
पहले ही बहुत वो हाफेगा ।
मजबूत इरादे से तेरा सब
बिगड़े कार्य बन जाएंगे, कितने ताकतवर हों रिप पर
कभी तुमसे नहीं टकराएंगे ।
मजबूत इरादों से ही तुम
जीवन के जंग को जीतोगे, कितनी भी बाधाएं आएं
पर गर्व से सीना ठोकोगे ।

## मनुष्य की बढती आकाक्षाएँ



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

प्रकृति लेनदेन में देर नहीं करती
जितना दो उससे दोगुना वापस करती है ।
हरी-भरी वसुंधरा की हरियाली हमने छीनी,
कंकरीट के जंगल उगाए,
पशु-पक्षियों के घरोंदे बिखेरे
विकास - विनाश के खेल चलते रहे
प्रकृति निरा तमाशबीन बन बैठी रही ।
हमने पेड़ पौधे पहाड़ काटे
जंगलों की हरियाली रौंद कर घर व फैक्ट्रियाँ लगाई
वह चुप देखती रही ।
उसकी चुप्पी से हम खुश हुए
साहस बढ़ा और अनियंत्रित होते गए
प्रकृति की अपार संपदा को दोनों हाथों से लुटाते रहे
फिर भी वह उदार माँ की तरह चुप रही
नदियों पर बाँध बांधे निर्झरणी को स्वतंत्र बहने से रोका
समुद्र, सरोवर पर भी की हमने मनमानी
फिर भी वह चुप रही पर कब तक !!
आखिर कब तक चुप रहती कितना सहती !
सब्र का बांध तो टूटना ही था
तबाही और विध्वंस तो होना ही था ।
जलजले – विनाश विध्वंस का यह मंजर
मनुष्य की बढती लोलुपता, अनियंत्रित आकाक्षाएँ
बहा ले गई एक ही झटके में सबकुछ बाढ प्रभंजन आंधी बनकर
एक न एक दिन तो ये होना ही था
क्योंकि प्रकृति लेनदेन में देर नहीं करती
जितना लो उससे दोगुना ले लेती है ।
अब सोचना मनुष्य को है
विकास के आड़ में विनाशलीला चलती रहेगी
या फिर रुकेगी कहीं ॥

## कथन



हेमंत सुराना,
उदयपुर

सूरज की किरणों में छुपा संदेश,
हर पल नया, हर दिन विशेष
मुस्कान बांटो, उम्मीद जगाओ,
खुद भी खिलो, जग को खिलाओ
प्रेम, आदर और स्वभाव, खुशियों की कुंजी,
रिश्ते एक दिन के नहीं, सारे जीवन की पूंजी
खामियों को नजर अंदाज करो,
हंसकर जियो, खुलकर जियो
आज और अभी में जियो ,
दूसरा पल हो ना हो
रूठो को मनाते चलो,
बोल मीठे बोलते चलो
बातें मन की करते चलो,
रिश्ते नए बनाते चलो
जो छूट गया उसका मलाल ना हो,
जो बीत गया उसे पर सवाल ना हो
हारना तो एक दिन मौत से है,
फिलहाल जिंदगी जीना सीख लो ।

## नन्हा सा नीड़



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

नील गगन की छांव में,
एक नन्हा सा नीड़ है बसा,
सुरक्षित है पंछी इस नीड़ में,
अपने नन्हे मुन्नों के साथ है ,रचा बसा।
महफूज रहे हर इंसा भी अपने,
आशियाने में सुकून के साथ,
नियम ये प्रकृति ने बनाया,
बड़े ही इत्मिनान के साथ।
अलग-अलग बस्ती, गांव,शहर और
देश में घरौंदे हैं,घर हैं हम सबके,
विध्वंस और विलय के लिए नहीं बने,
ये सुनहरे ख्वाब हम सबके।।
तिनका तिनका जोड़ कर बनाया,
घोंसला हर बार, सजाया नीड़ का संसार,
बांस और लकड़ियों से संवारा,
नशेमन को हर बार।
धुएं के गुबार से आततायी ने,
किया वार हर बार,
पल में उजाड़ दिया एक सुंदर घर-बार,
किया क़त्ल भावनाओं और संवेदनाओं का हर बार।।।
न उजाड़ो नीड़ किसी मासूम परिंदे का
न बक्शो विरानगी किसी बेकसूर को,
न क्षत -विक्षत करो घरौंदा किसी इंसान का,
वरना पश्चाताप की आग में जलना पड़ेगा।
ग़र धराशाई किया किसी नीड़ को,
तो तड़पना और छटपटाना पड़ेगा दो बूंद नीर को ।।

## माँ की जान बचाने बेटी जाती तड़प...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

कंधमाल के गांव में
अभी तक नहीं बनी है सड़क,
पीठ पे लाद माँ की जान
बचाने बेटी जाती तड़प।
डुमेरी पाड़ा गांव में
बालामादु नामक एक महिला,
सोते समय 'जहरीले सांप'
ने काटा परिवार हिला।
महिला को अस्पताल पहुंचाने एंबुलेंस फोन किया,
गांव में सड़क नहीं एंबुलेंस का सारामुंडी में ठिया।
कंधमाल के गांव में अभी तक नहीं बनी है सड़क,
पीठ पे लाद माँ की जान बचाने बेटी जाती तड़प।
वह जंगल के रास्ते 'पांच' किलोमीटर पैदल चली,
भले व्यक्ति की मदद मिली तीन किलोमीटर बढ़ी।
मोटर साइकिल पर बिठा एंबुलेंस तक पहुंचवाया,
दुर्गम रास्तों से अस्पताल जाते उठा माँ का साया।
कंधमाल के गांव में अभी तक नहीं बनी है सड़क,
पीठ पे लाद माँ की जान बचाने बेटी जाती तड़प।
क्या? हुआ सड़क न बनी सत्तर साल तक दरकार,
कितनी पीढ़ियां निकलीं अभी रहम करों सरकार।
ग्रामीण प्रशासन से कर रहें सड़क बनाने की मांग,
सत्ता की चाबियां न उछालो न जाओं सीमा लांघ।

## गणपति बिगड़ी बात बना दो



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

गौरी नंदन, शिवनंदन
तुम संकट हमरे टारो।
बिगड़ी बात बना दो
गणपति बिगड़ी बात बना दो।।
इस दुनिया के हम हैं मानव,
होती हमसे गलती,
क्षमा करो ओ संकट नाशक,
बचालो ये धरती,
निरोगी काया ,धन की माया, सबकी हो पूर्ति
आलस्य तो दूर रहे ओर हर तन में स्फूर्ति,
बुद्धिदाता, मंगल प्रदाता जीवन सुलभ बना दो।
बिगड़ी बात बना दो गणपति बिगड़ी बात बना दो।।
गौरी नंदन........
अशुभ को तुम शुभ कर देना, दूब नारियल अर्पण,
विपदा हमारी सब हर लेना, खुशियों का हो दर्पण,
विनती उनकी तो सुन लेना,
श्रद्धा भाव समर्पण तन की माया से दूर रहे सब,
आत्मा से आत्मा का कर्षण।
विघ्न विनाशक,गजानंद बाबा
प्रेम भाव जगा दो बिगड़ी बात बना दो,
गणपति बिगड़ी बात बना दो।
गौरी नंदन........

## कोई तो है



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आशना मुझपर होकर गया कोई।
ख़ुद को मुझमें खोकर गया कोई।
ख़ुशी को मेहसूस कर भी न पाये थे
ग़म को हंसा हंसाकर गया कोई।
ज़िन्दगी को झेलना आसान न था
खुशियाँ मेरे दिल में बोकर गया कोई।
नींद का निशाँ नही था रातों में मेरी
ज़ेहन की ख़ुराक मे सोकर गया कोई।
सिमटती चली जा रही थी ज़िन्दगी
बेख़ुदी को मार ठोकर गया कोई।
हर शय सूनी सूनी लगती थी जहान मे
मेरी रूह जान को छूकर गया कोई।
मै बेसुध बेखबर जिंदगी से हो चुकी थी
मेरे ख्वाबों में आ सोकर गया कोई।
दुःख झेलना बस में नहीं था
सारे ग़म मेरे लेकर गया कोई।
दिल में उदासी की परत जम चुकी थी
हंसना ही जिंदगी है बोलकर गया कोई।

## शंकर सुवन गजानन बाबा



केपी अग्रवाल
हैदराबाद

एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया,
सजे विशाल मंडप चहुं ओर
तन मन उत्साह छाया ,
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।
आई भक्तों पर विपदा भारी,
शरण में आए तिहारी
भोले भाले गणपति बाबा
झटपट हरलो विपदा हमारी ,
मंगल कार्य प्रथम अर्चन
ध्यान तुम्हारा आया
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।
मोदक है तुमको बहुत प्रिय,
मोदक का भोग लगाया,
पान, सुपारी, दूब, नारियल
भक्तों ने भोग चढ़ाया,
जिस पर कृपा गणपति बप्पा
संतान सुख पाया !
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।
रिद्धि सिद्धि संग आयो बाबा,
सब मंगल कर जाओ ,
भूल हो तो क्षमा कर देना
अब तो दरस दिखाओ ,
शुभ लाभ लेने को देखो
सबने दरबार लगाया।
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।
दस दिन सुबह शाम भक्तजन
शीष झुकाने आते हैं ,
चतुर्थी से चतुर्दशी तक
तुम्हारे ही गुण गाते हैं,
नतमस्तक हो भक्त सारे
जय गणेश देवा गाया
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।
विसर्जन करना संस्कृति हमारी
इस रीत का मान बढ़ाया,
अगले बरस जल्दी आना
हर भक्त ने यह दोहराया,
मूषक सवारी अद्भुत देव
पूरे साल शुभ लाभ पाया
एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# 'आपदा में अवसर' तलाशने की चुनौती



अमेरिका की ओर से भारत पर टैरिफ लगाकर एकतरफा और अन्यायपूर्ण रवैया अपनाने के बीच चीन ने भारत को उर्वरक, रेयर अर्थ और टनल बोरिंग मशीनों के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का एलान किया है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह निश्चित रूप से एक अहम घटनाक्रम है। भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ के क्या मायने हैं? चीन से व्यापार में भारत को क्या सावधानी बरतनी चाहिए? आपदा में अवसर तलाशने के भारत के पास क्या मौके हैं? इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सतही तौर पर देखें तो एक दोस्ताना देश के खिलाफ अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी कार्रवाई अप्रत्याशित है। दूसरी ओर, रेयर अर्थ मैटेरियल्स की सप्लाई पर चीन का निर्णय भारत के लिए राहत की खबर है। हालांकि, गहराई से देखें तो ये दोनों घटनाएं केवल व्यापारिक घटनाक्रम नहीं बल्कि एक व्यापक भू-आर्थिक समीकरण का हिस्सा हैं। ऐसे में भारत को इस दौर में सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। अगर भारत अमेरिका से तनातनी के बीच चीन नरमी जैसे का अवसर का लाभ उठाने के लिए चीन की नीयत पर आंख बंद कर भरोसा करता है तो यह भविष्य में एक बड़ी भूल भी साबित हो सकती है।

पुराने अनुभवों से पता है कि चीन अक्सर व्यापार को राजनीतिक दबाव का औजार बनाता है। ऐसे में भारत की नीति सावधानी के साथ सहयोग की होनी चाहिए। इस कदम से हाल-फिलहाल के समय में सस्ते उर्वरक और कच्चे माल की उपलब्धता से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी और उद्योगों को राहत मिलेगी। इससे रिजर्व बैंक को भी मौद्रिक नीतियों में लचीलापन रखने का भी अवसर मिलेगा। निवेशकों के लिए यह संदेश भी सकारात्मक होगा कि भारत अवसरों का इस्तेमाल करने में व्यावहारिक रुख अपनाता है। हमें अपने व्यापार घाटे और आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहद सजग रहने की जरूरत है। अगर भारत चीन के सस्ते सामानों पर अत्यधिक निर्भर हुआ, तो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियान प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए चीन से आने वाले आयात का इस्तेमाल हमें केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने और तकनीकी उन्नति हासिल करने तक ही सीमित रखना होगा।

हाल ही में अमेरिका ने अपने दोस्ताना संबंध वाले भारत पर टैरिफ लगाकर एकतरफा और अन्यायपूर्ण रवैया अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा कि भारत अपने किसानों, मजदूरों और घरेलू उद्योग से कोई समझौता नहीं करेगा, चाहे इसकी कितनी भी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। दुनिया यह देखकर हैरान है कि भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे घुटने टेकने से साफ इनकार कर दिया है। भारत के पास अमेरिकी टैरिफ से निपटने के कई विकल्प मौजूद हैं। टैरिफ पर अमेरिका की धमकियों के बीच नई दिल्ली ने साफ कर दिया है कि वह अपनी बाजी नए तरीके से खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत की ताकत केवल घरेलू अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी फैली हुई है। ब्रिक्स, जी20 और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म पर भारत एक निर्णायक शक्ति बनकर उभरा है।

खासकर, ब्रिक्स अब और मजबूत हो चुका है, जिसमें यूएई, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। अब ब्रिक्स की संयुक्त अर्थव्यवस्था $32.5 ट्रिलियन से अधिक और वैश्विक कारोबार में लगभग 40% हिस्सेदारी रखती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया रूस दौरे और वहां के राष्ट्रपति पुतिन से उनके मुलाकात के दौरान रूस ने खुलकर भारत के साथ खड़े होने की मंशा जाहिर कर दी है।

भारत ने डॉलर पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रूस से तेल आयात के लिए रुपये-रूबल में भुगतान और यूएई के साथ करेंसी स्वैप व्यवस्था इसका प्रमाण है। इससे अमेरिका के डॉलर-आधारित दबाव तंत्र की पकड़ भारत पर पहले जैसी नहीं रही है। यही नहीं, भारत अब दुनिया की 60% जेनरिक दवाओं का निर्यात करता है। यदि अमेरिकी प्रशासन भारतीय दवाओं पर टैरिफ लगाता है तो इसका सीधा बोझ अमेरिका के आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा।

भारत की आईटी और आईसीटी सेवाएं, जिनका वार्षिक मूल्य लगभग 150 बिलियन डॉलर है। यह आज भी अमेरिकी कॉरपोरेट अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जारी टैरिफ वॉर लंबे समय में अमेरिका के लिए उल्टा दांव साबित हो सकता है, इसमें कोई दो राय नहीं है। इससे न केवल अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ेगी बल्कि भारतीय आईटी टैलेंट को लेकर वहां अनिश्चितता भी पैदा होगी। यह रणनीतिक तौर पर अमेरिका को ही कमजोर करने वाला कदम साबित हो सकता है।

स्पष्ट है कि भारत अब न तो चीन पर आंख मूंदकर भरोसा करेगा और न ही अमेरिका के दबाव में आएगा। भारत का संदेश साफ है- संबंध अच्छे रहेंगे, व्यापार होगा, लेकिन राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रहेंगे। चीन से मिल रहे अवसरों का लाभ लेंगे, परंतु निर्भरता नहीं बनाएंगे। अमेरिका से सहयोग करेंगे, परंतु शर्तों पर नहीं और बाकी दुनिया के सामने भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से संतुलित शक्ति के रूप में खड़ा रहेगा।

## सुरक्षित समाज की राह

# गेमिंग बिल संग पोर्न पर सख्ती



प्रो. आरके जैन

डिजिटल युग ने हर घर को नई संभावनाओं से जोड़ा है, मगर इस चमक के पीछे कुछ गहरे खतरे भी छिपे हैं। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने शिक्षा, संचार और मनोरंजन के रास्ते खोले, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग की लत और अश्लील सामग्री का बढ़ता प्रसार युवा पीढ़ी को गंभीर खतरे में डाल रहा है। पबजी, फ्री फायर जैसे हिंसक गेम्स और अनियंत्रित वेबसाइटें न केवल मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी कमजोर कर रही हैं। यह महज मनोरंजन नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक संकट है। इसलिए ऑनलाइन गेमिंग बिल के साथ-साथ हिंसक और अश्लील सामग्री पर सख्त नियंत्रण लागू करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है, ताकि हमारी युवा शक्ति सुरक्षित रहे और डिजिटल भारत का भविष्य उज्ज्वल हो।

भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग 2025 तक 32,000 करोड़ रुपये का विशाल बाजार बन चुका है, जिसमें 45 करोड़ लोग शामिल हैं। लेकिन इस तेजी के साथ जोखिम भी बढ़े हैं। हिंसक गेम्स युद्ध और हिंसा को आकर्षक बनाकर बच्चों में आक्रामकता और असंवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गेमिंग की लत को मानसिक स्वास्थ्य विकार घोषित किया है। भारत में कई दिल दहलाने वाली घटनाएं, जैसे 2021 में उत्तर प्रदेश में एक किशोर की गेमिंग असफलता के बाद आत्महत्या, इस खतरे की गंभीरता को दर्शाती हैं। ये गेम्स मनोरंजन के बजाय मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहे हैं।

गेमिंग उद्योग का आर्थिक और सामाजिक नुकसान चिंताजनक है। "नेक्स्ट लेवल" और आभासी पुरस्कारों का लालच खिलाड़ियों को जाल में फंसाता है, जिससे हर साल 45 करोड़ लोग मनी गेम्स में 20,000 करोड़ रुपये गंवा रहे हैं। यह न केवल मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत को नष्ट कर रहा है, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण जैसे अपराधों को भी बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम्स विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत को नष्ट कर रहे हैं। प्रस्तावित ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देता है, लेकिन हिंसक गेम्स पर सख्त रोक भी जरूरी है।

इंटरनेट पर अश्लील सामग्री का बढ़ता प्रसार भी गंभीर संकट पैदा कर रहा है। भारत के 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में युवा और किशोर बड़ी संख्या में शामिल हैं। सस्ते स्मार्टफोन्स ने बच्चों के लिए ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान कर दी है। एक अध्ययन के मुताबिक, 13-17 वर्ष की आयु के 30% बच्चे अश्लील सामग्री देखते हैं, जो उनकी मानसिकता को दूषित करती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों में 24% की वृद्धि हुई, जिसमें अश्लील सामग्री से जुड़े अपराध प्रमुख हैं। यह सामग्री न केवल व्यक्तियों को भावनात्मक और सामाजिक रूप से अस्थिर करती है, बल्कि यौन अपराधों और पारिवारिक रिश्तों में तनाव को भी बढ़ाती है।

ऑनलाइन गेमिंग बिल को व्यापक और प्रभावी बनाना समय की मांग है। इसमें हिंसक गेम्स और अश्लील सामग्री पर कठोर कार्रवाई के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। एक राष्ट्रीय गेमिंग अथॉरिटी स्थापित कर गेम्स का वर्गीकरण और नियमन सुनिश्चित करना होगा। साइबर सेल को सशक्त कर अश्लील वेबसाइटों पर तत्काल रोक लगानी होगी। उल्लंघनकर्ताओं के लिए 3 साल की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने जैसे कड़े दंड निर्धारित किए जाएं। गेमिंग कंपनियों को पैरेंटल कंट्रोल और उम्र-आधारित प्रतिबंध लागू करने के लिए अनिवार्य करना होगा।

कानून के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों के डिजिटल उपयोग पर सतर्कता बरतनी होगी। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए व्यापक अभियान चलाए जाएं। राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन को और तेजी से लागू करना होगा। बच्चों को हिंसक गेम्स के बजाय कोडिंग, ई-लर्निंग जैसे रचनात्मक और सकारात्मक क्षेत्रों की ओर प्रेरित करना जरूरी है। 2023 में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 15 लाख शिकायतें दर्ज हुईं, जो साइबर अपराधों की गंभीरता को दर्शाता है।

# किताब कापी वाले हाथों में हथियार !

## हिंसा और अपराध की ओर बढ़ रहे हैं स्कूली छात्र



मनोज अग्रवाल

जुबेनाइल एक्ट की सहूलियत और नरमी क्या देश के बाल व किशोर अपचारियो को अपराध की दुनिया में प्रवेश करने के लिए सहायक बन गयी है किशोर बेखौफ अपराध कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उन्हें कोई सख्त सजा मिलने वाली नही है इन दिनों देश के शिक्षण संस्थान स्कूल कालेज हिंसा और अपराध की घटनाओं से दहल रहे हैं। जिन कोमल हाथों में किताब कापी पेंसिल होनी चाहिए वह चाकू छुरा और तमंचे उठा कर सहपाठी छात्र छात्राओं और अध्यापक-अध्यापिकाओं का कत्ल कर रहे हैं। उत्तराखंड के काशीपुर और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर और गुजरात के अहमदाबाद से आई अलग-अलग घटनाओं ने छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुजरात में एक आठवीं कक्षा के छात्र ने दसवीं कक्षा के छात्र की मामूली विवाद के बाद चाकू घोंप कर हत्या कर दी।वहीं एक मामले में उधमसिंह नगर में छात्र ने मामूली विवाद पर अपने शिक्षक को गोली मार दी, तो यूपी के गाजीपुर में एक मामले में एक छात्र ने अपने सहपाठी की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी।ये वारदात बता रहीं हैं कि किशोर वय के छात्रों का अपराध और खूनखराबे की ओर रूझान बढ़ रहा है उन्हें न शिक्षकों अभिभावकों का कोई भय है नही पुलिस और कानून का कोई खोफ है। ऐसे हालात में समाज किस ओर जा रहा है आसानी से अन्दाज़ लगा सकते हैं।

गुजरात के अहमदाबाद में 'सेवंथ डे' स्कूल में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. हत्या का आरोपी एक 8वीं क्लास का बच्चा है. अब आरोपी की अपने फ्रेंड के साथ एक चैट वायरल हो रही है, जो काफी दर्दनाक है. हत्या की बात आरोपी बच्चे ने अपने दोस्त को प्राइवेट चैट पर बताई, जिसपर फ्रेंड ने कहा, मार क्यों डाला? खैर जो होना था अब हो गया. यह चैट डिलीट कर दो और कहीं छुप जाओ.

आपको बता दें कि 10वीं क्लास का छात्र रोज की तरह अहमदाबाद के खोखरा इलाके में अपने सेवेंथ डे स्कूल आया था. उसे तैयार करके स्कूल भेजने वाले मां-बाप को क्या पता था कि ये उसकी जिंदगी का आखिरी दिन बन जाएगा. स्कूल में 8वीं के छात्र से उसका कुछ दिन पहले धक्का-मुक्की को लेकर मामूली झगड़ा हुआ था. मामला खत्म हो गया. लेकिन जूनियर छात्र की आंखों में खून उतरा हुआ था.स्कूल की छुट्टी होने पर 10वीं का छात्र घर के लिए निकला. कुछ दूर पहुंचा था, तभी 8वीं का जूनियर छात्र वहां आया और चाकू निकालकर ताबड़तोड़ वार करने लगा. इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई. मां की शिकायत पर हमलावर छात्र को जूवेनाइल एक्ट के तहत डिटेन कर लिया गया है. घटना से गुस्साए लोगों ने स्कूल में जमकर तोड़फोड़ की. क्राइम ब्रांच ने हमलावर छात्र की मदद के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार भी किया है।

गुजरात के अलावा मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक बेहद डरावनी घटना सामने आई है, जिसने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया है. जहां स्कूल के पूर्व छात्र सूर्यांश कोचर (18) ने सोमवार को अपनी पूर्व टीचर स्मृति दीक्षित (26) पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. यह हमला कथित रूप से एक निजी रंजिश के चलते किया गया, जो एक शिकायत से जुड़ी थी. टीचर ने आरोपी के खिलाफ शिकायत की थी, जिसका बदला लेने के लिए पेट्रोल छिड़क टीचर को आग लगा दी.

उधर उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां 9वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने ही शिक्षक पर तमंचे से फायर कर दिया। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले शिक्षक ने किसी बात पर छात्र को थप्पड़ मार दिया था, जिससे छात्र नाराज था।


बुधवार को छात्र अपने लंच बॉक्स में तमंचा छिपाकर स्कूल पहुंचा और क्लासरूम में ही शिक्षक पर गोली चला दी। गोली शिक्षक के दाहिने कंधे के नीचे लगी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे जिले के शिक्षकों में भारी रोष है। उत्तराखंड में सीबीएसई बोर्ड से जुड़े कई अध्यापक घटना के विरोध में हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके चलते काशीपुर सहित कई जगहों पर स्कूल बंद रखे गए हैं। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में लेकर तमंचा बरामद कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

वहीं ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना सोमवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में भी देखने को मिली। यहां एक निजी स्कूल में छात्रों के बीच हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कक्षा 9 के एक छात्र ने 10वीं के छात्र आदित्य वर्मा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया गया है कि आरोपी छात्र मेटल की पानी की बोतल में चाकू छिपाकर स्कूल लाया था। बताया जा रहा है कि आदित्य दो छात्रों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने की कोशिश कर रहा था, तभी आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए तीन अन्य छात्र भी इस हमले में घायल हो गए।

मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के गांव गगोल में बीती 31जुलाई को क्रिकेट खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद ने एक परिवार का चिराग बुझा दिया। गुरुवार देर शाम गांव के ही दो नाबालिग भाइयों ने चिराग उर्फ मुरली (15) की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

# क्या भाजपा का अगला टारगेट पश्चिम बंगाल है ?



अशोक भाटिया

दिल्ली चुनाव में मिली जीत ने भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। दिल्ली में करीब 28 साल बाद भाजपा की सरकार बनी इस जीत के बाद भाजपा बंगाल में ममता बनर्जी का किला ध्वस्त करने में लग गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी जीत के साथ ही भाजपा नेताओं की नजर अब फिर से बंगाल पर टिक गई है। बंगाल के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंटरनेट मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया कि इस बार लक्ष्य बंगाल, 2026 में बंगाल की बारी। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के मुताबिक बड़े पैमाने पर वित्तीय भ्रष्टाचार, लोकलुभावन योजनाओं, दान वितरण और व्यक्तिवाद के आरोप ही वे तीन मुख्य तत्व हैं जो दिल्ली की तरह बंगाल की राजनीति में समान हैं।

बंगाल में अपनी जीत को पक्का करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हालिया तीन बार चक्कर लगा चुके है व करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं का ऐलान कर चुके है . ताज़ा दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी सरकार को दोबारा निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के शिक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए कहा है टीएमसी ने भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कह कि टीएमसी सरकार ने न सिर्फ गलत ढंग से नौकरी दी बल्कि शिक्षकों के परिवारों को तबाह कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी के भ्रष्टाचार के कारण बंगाल में मची चीख-पुकार, लोग कह रहे हैं कि अब नहीं चाहिए टीएमसी की सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। वह कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल सरकार की तुलना निर्मम सरकार से की, हालांकि उन्होंने अपने संबोधन में ममता बनर्जी का नाम नहीं लिया। उन्होंने टीएमसी सरकार कहकर ही हमला बोला।

प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल कि जनता से कहा कि पश्चिम बंगाल कई संकटों से घिरा हुआ है। पहला संकट समाज में फैली हिंसा और अराजकता है। दूसरा संकट माताओं-बहनों का असुरक्षा है। तीसरा संकट नौजवानों में घोर निराशा आ रही है। टीएमसी अपनी गलती मानने के लिए तैयार नहीं है। घोटालेबाजों ने सैकड़ों लोगों को अंधकार में धकेल दिया। टीएमसी सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश में है। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को गरीबों की कमाई पर डाका डाल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ, मालदा में जो कुछ हुआ।वो यहां की टीएमसी सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं किया गया है। उन्होंने आयुष्मान योजना से लेकर प्रधानमंत्री सड़क योजना का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी की सरकार को विकास से कोई लेनादेना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 90 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को बंगाल सरकार ने रोका हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने इनमें हाईवे और मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा टीएमसी सरकार ने लटकाकर रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ताधारी पार्टी स्वार्थ की राजनीति कर रही है। उन्होंने बंगाल में बंद रहे टी-गार्डन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार को आदिवासियों से कोई लगाव नहीं है। टीएमसी आदिवासी समाज को वंचित रखना चाहती है। पार्टी ने आदिवासी महिला राष्ट्रपति का विरोध किया। जनमन योजना भी लागू नहीं होने दी जा रही है। टीएमसी के नेताओं ने पाप किया है। बंगाल में कोर्ट को बार-बार दखल देना पड़ता है। बंगाल में चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार । बंगाल में गुंडागर्दी की खुली छूट दी गई है। बंगाल की जनता को टीएमसी पर नहीं, कोर्ट पर भरोसा है। सत्ताधारी दल के नेता ही लोगों के घरों को जलाते हैं।

इधर अमित शाह भी बंगाल का किला फतह करने में कोई कोए कसर नहीं छोड़ रहे है . उनकी पहचान भाजपा के 'चाणक्य' के रूप में होती है। शाह के लिए यह विशेषण यूं ही नहीं बन गया है। शाह ने चुनावी राजनीति में गुजरात से लेकर दिल्ली तक अपनी काबिलियत को साबित किया है। पार्टी अध्यक्ष के रूप में शाह ने भाजपा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके तालमेल की तो मिसाल दी जाती है। कहा जाता है कि शाह जो लक्ष्य तय करते हैं उसे हर हाल में पूरा करके ही छोड़ते हैं। अब पार्टी के इस कुशल रणनीतिकार ने अपने लिए पश्चिम बंगाल को बड़े लक्ष्य के रूप में तय किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर शाह ने यह लक्ष्य क्यों रखा है। जानते हैं इसके बारे में।अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव और आरजी कर की घटना के बाद शाह हाल ही में पहली बार पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे थे। शाह ने यहां पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही शाह ने घोषणा की किभाजपा का 'अगला बड़ा लक्ष्य' 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में सरकार बनाना है।

गौरतलब है कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली। पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। राज्य में संदेशखाली का मुद्दा काफी गरम रहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरने का पुरजोर प्रयास किया था। पार्टी ने संदेशखाली पीड़ित में से एक रेखा पात्रा को बशीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाकर एक संदेश देने की कोशिश भी की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखा पात्रा को शक्ति स्वरूपा तक कहा था। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी खुद बंगाल जाककर संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले थे। हालांकि,भाजपा महिला सुरक्षा जैसे मजबूत मुद्दे को भुनाने में असफल रही थी। इससे पार्टी को बड़ा झटका लगा था। ऐसे में शाह में संदेशखाली मुद्दे को पार्टी की तरफ से नहीं भुना पाने की टीस तो जरूर रही होगी। ऐसे में शाह नहीं चाहते हैं कि वह अगली बार विधानसभा चुनाव में किसी भी तरह से पिछड़ें।

देखा जाए तो इस समय पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार अपनी स्थिति मजबूत किए हुए हैं। पश्चिम बंगाल में अब तक मोदी लहर से लेकर शाह की रणनीतिक बेअसर रही है।भाजपा तमाम कोशिशों के बावजूद यहां मजबूत स्थिति में खुद को नहीं पहुंचा पाई है। ममता ने विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी अपनी ताकत का अहसास दिया है। बंगाल में लोकसभा चुनाव में जीत से ममता यह संदेश देने में कामयाब रही हैं कि बंगाल में उनका अभी कोई विकल्प नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ ही लोगों के एक वर्ग में यह राय भी बन गई है कि भाजपा का जादू बंगाल में फेल हो जाता है। ऐसे में शाह के सामने सबसे बड़ी चुनौती बंगाल में ममता को पटखनी देकरभाजपा का दम दिखाना है।

अमित शाह ने 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह किया है। शाह एक कुशल रणनीतिकार की तरफ से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।भाजपा ने राज्य में सदस्यता अभियान के दौरान पिछली बार 88 लाख से अधिक सदस्य बनाए थे। मौजूदा समय में पार्टी में अधिक सांसद और विधायक हैं। ऐसे में पार्टी का लक्ष्य एक करोड़ सदस्यों को पार करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को यह विश्वास दिला रही है कि वे चुनौती को स्वीकार करते हुए पार्टी के लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाएं।

इस समय मजबूत संगठन, नए चेहरों को लाना भी एक चुनौती है क्योकि भाजपा का राज्य में प्रदर्शन टुकड़ो-टुकड़ों में रहता है। पार्टी एक साथ पूरे राज्य में मजबूत नजर नहीं आती है। नार्थ परगना, साउथ परगना, कोलकाता, हावड़ा और हुगली में पार्टी का संगठन तुलनात्मक रूप से कमजोर है। इस क्षेत्र में 16 लोकसभा सीटों आती हैं। 2019 के चुनाव मेंभाजपा ने 16 में से महज 3 सीटे ही जीती थी। इस बार यह प्रदर्शन और भी कमजोर रहा। राज्य में दिलीप घोष, सुवेंदु अधिकारी, तापस रॉय जैसे गिने-चुने ही चेहरे नजर आते हैं। ऐसे में शाह की नजर राज्य में क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत चेहरों को सामने करने की होगी। इस तरह शाह के लिए पश्चिम बंगाल में अगले दो साल रणनीतिक रूप से काफी अहम है। शाह के सामने ममता के मजबूत किले को ध्वस्त करने की चुनौती है।

इस बीच बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में आवास योजना के तहत एक लाख 20 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। इस पैसे से घर नहीं खरीदा जा सकता। भाजपा सत्ता में आई तो आवास योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, जिन लोगों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें सीधे तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व राज्य सभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो हम महिलाओं को मौजूदा सरकार की लक्ष्मी भंडार परियोजना के तहत मिलने वाली राशि से अधिक देंगे। इसके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत फरवरी में 10 दिनों के लिए बंगाल दौरे पर थे। सूत्र बताते हैं कि इस दौरान भागवत ने भाजपा की जीत के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया।

# गणेश चतुर्थी पर जो भी करेगा अष्टविनायक के दर्शन, उसके बदल जाएंगे भाग्य


श्री मयूरेश्वर मंदिर


श्री सिद्धिविनायक मंदिर


श्री बल्लालेश्वर मंदिर


श्री वरदविनायक मंदिर


श्री चिंतामणि मंदिर


श्री गिरिजात्मज मंदिर


श्री विघ्नहर मंदिर


श्री महागणपति मंदिर

गणेश चतुर्थी का महोत्सव साल 2025 में 27 अगस्त से शुरू होगा। इस दौरान गणपति के भक्त 10 दिनों तक उत्सव मनाते हैं जिसे गणेशात्सव के नाम से भी जाना जाता है। भक्त इस दौरान घर में भी गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित करते हैं। इस दौरान गणेश जी के मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा रहता है। यूं तो भारत में गणेश भगवान के कई मंदिर हैं लेकिन इन सभी भी अष्टविनायक मंदिरों को सबसे प्रमुख माना जाता है। आज हम आपको इन्हीं अष्टविनायक मंदिरों के बारे में जानकारी देंगे।

**श्री मयूरेश्वर मंदिर: मोरगांव**

अष्टविनायक मंदिरों में से एक मयूरेश्वर मंदिर महाराष्ट्र के मोरगांव में स्थित है। इसका आकार मोर की तरह है इसलिए इस मंदिर को मयूरेश्वर विनायक मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर काले पत्थर से बनाया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में सिंधुरासुर नाम के राक्षस का वध करने के लिए भगवान गणेश ने मयूरेश्वर का रूप धारण किया था।

**श्री सिद्धिविनायक मंदिर: सिद्धटेक**

भगवान गणेश का सिद्धिविनायक मंदिर अहमदनगर के सिद्धटेक में स्थित है। माना जाता है कि भगवान विष्णु मधु-कैटभ नामक दो राक्षसों का वध करने से पहले इसी स्थान पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करके पूजा की थी। सिद्धिविनायक मंदिर के पास ही देवी शिवी और शंकर भगवान के मंदिर भी स्थित हैं।

**श्री बल्लालेश्वर मंदिर: पाली**

भगवान गणेश का यह मंदिर महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पाली गांव में स्थित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश ने यहां बल्लाल को दर्शन दिए थे और साथ ही इस स्थान पर वास करने का वरदान भी दिया था। इस मंदिर में यूरापियन समय की एक बहुत बड़ी घंटी भी है, जो पुर्तगाल के आक्रमणकारियों पर विजय प्राप्त करने के बाद टांगी गई थी।

**श्री गिरिजात्मज मंदिर: लेण्याद्री**

इस मंदिर का नाम भगवान गणेश की माता पार्वती (गिरिजा) के नाम पर पड़ा है। यह मंदिर पुणे के लेण्याद्री में स्थित है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 307 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह वो स्थान है जहां मां पार्वती ने मिट्टी की मूर्ति बनाई थी और वह मूर्ति जीवित हो उठी थी। इस स्थान पर गणेश जी की मूर्ति स्वयं प्रकट हुई थी।

**श्री चिंतामणि विनायक मंदिर: थेऊर**

यह मंदिर पुणे जिले के थेऊर में स्थित है। इस मंदिर को लेकर धार्मिक कथा प्रचलित है कि गणासुर नाम के एक राजा ने कपिल मुनि से इच्छापूर्ति करने वाला चिंतामणि रत्न छीन लिया था। तब कपिल मुनि की सहायता भगवान गणेश ने की थी। गणेश जी ने गणासुर का वध किया और चिंतामणि वापस प्राप्त कर कपिल मुनि को लौटाई। कपिल मुनि ने गणेश जी से उसी स्थान पर वास करने की प्रार्थना की थी। तब गणेश जी ने स्वयंभू प्रिमा में इस स्थान पर वास किया।

**श्री विघ्नेश्वर मंदिर: ओझर**

विघ्नेश्वर मंदिर अष्टविनायक मंदिरों में से एक है और महाराष्ट्र के ओझर में स्थित है। यह अष्टविनायक मंदिर में से एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां सोने का कलश स्थापित है। यह मंदिर पुणे से 85 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**श्री महागणपति मंदिर: रजनगांव**

भगवान गणेश के इस मंदिर का निर्माण नौवी-दसवीं शताब्दी के आसपास करवाया गया था। यह मंदिर पुणे के पास ही स्थित है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि माधवराव पेशवा ने मंदिर के तहखाने (बेसमेंट) में गणेश जी की मूर्ति को रखने के लिए एक कमरा बनवाया था। इसके बाद इसका फिर से निर्माण इंदौर के सरदार द्वारा किया गया।

**श्री वरदविनायक मंदिर: महड**

महाराष्ट्र के रायगढ़ के महड शहर में वरदविनायक मंदिर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण पेशवा सुभेदार रामजी महादेव बिवलकर ने 1725 में करवाया था। यह मंदिर के पास एक झील है जहां से गणेश जी की मूर्ति खोजी गई थी और इस मंदिर में स्थापित की गई थी। माना जाता है कि इस मंदिर में जला दीपक 1892 से लगातार जल रहा है।

# क्या होती है पत्र पूजा, गणेश पूजन में क्यों चढ़ाए जाते हैं 21 पत्ते?



गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे देश में बड़े उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। इस दिन गणपति बप्पा की स्थापना कर 10 दिनों तक उनका पूजन किया जाता है। परंपरा है कि गणेशजी को मोदक और लड्डू के साथ 21 पत्तों (पत्रों) से पूजा की जाती है, जिसे पत्र पूजा कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार इन पत्तों का अलग-अलग धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। माना जाता है कि 21 पत्र अर्पित करने से विघ्नहर्ता गणपति जल्दी प्रसन्न होकर भक्तों के जीवन से संकट दूर करते हैं और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

21 पत्र अर्पित करने की परंपरा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि इसमें गहरा आध्यात्मिक रहस्य छिपा है। हर पत्ता एक विशेष शक्ति, गुण और आशीर्वाद का प्रतीक है।जैसे दूर्वा समृद्धि का, शमी विजय का, बेल पवित्रता का और धतूरा उग्र शक्तियों को शांत करने का प्रतीक है। खास बात यह है कि सामान्य दिनों में गणपति को तुलसी पत्र नहीं चढ़ाया जाता, लेकिन गणेश चतुर्थी पर इसे शुभ माना जाता है।

**21 पत्तों की सूची**

**शमी पत्र:** इसे विजय और पाप नाशक माना गया है।

**भृंगराज पत्र:** आयुर्वेद में आयु और ऊर्जा देने वाला।

**बेल पत्र:** त्रिदेवों का प्रतीक, शिव और गणपति को प्रिय।

**दूर्वा पत्र :** गणपति का सबसे प्रिय, समृद्धि का प्रतीक।

**बेर पत्र :** सरलता और संतोष का द्योतक।

**धतूरा पत्र :** उग्र ऊर्जा को शांत करने वाला।

**तुलसी पत्र :** सामान्यतः गणपति को नहीं चढ़ाया जाता, लेकिन गणेश चतुर्थी पर अपवाद स्वरूप अर्पित किया जाता है।

**सेम पत्र :** अन्न और उर्वरता का प्रतीक।

**अपामार्ग पत्र :** रोग निवारक और शुद्धि का द्योतक।

**कण्टकारी पत्र :** बाधा नाशक और औषधीय गुणों वाला।

**सिन्दूर पत्र :** सौभाग्य और मंगल का प्रतीक।

**तेजपत्ता पत्र:** सुगंध, शांति और समृद्धि लाने वाला।

**अगस्त्य पत्र:** ज्ञान और शक्ति का प्रतीक।

**कनेर पत्र :** निडरता और साहस का प्रतीक।

**केले का पत्र :** समृद्धि और उन्नति का प्रतीक।

**आक पत्र :** रोग हरने वाला और गणेशजी का प्रिय।

**अर्जुन पत्र :** धैर्य और शक्ति का प्रतीक।

**देवदार पत्र :** शुद्धता और स्थिरता दर्शाने वाला।

**मरुआ पत्र :** सुगंध और पवित्रता का प्रतीक।

**कचनार पत्र :** उन्नति और सौंदर्य का द्योतक।

**केतकी पत्र :** पवित्रता और मंगल कार्यों का प्रतीक।

**इन पत्तों का महत्व**

गणेश पूजा में इन 21 पत्तों का प्रयोग केवल परंपरा नहीं बल्कि एक गहरी आस्था का हिस्सा है।

गणेश पुराण में वर्णन मिलता है कि एक समय तुलसी और गणपति ने एक-दूसरे को शाप दिया था। इसी कारण सामान्य दिनों में गणपति को तुलसी पत्र अर्पित नहीं किया जाता लेकिन गणेश चतुर्थी के दिन यह अपवाद माना जाता है और इस दिन तुलसी पत्र चढ़ाना शुभ फलदायी होता है। इस तरह 21 पत्तों की पूजा गणपति के लिए सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ऊर्जा, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है।

# गणेश चतुर्थी की पूजा में वास्तु के इन नियमों का करें पालन

## बप्पा जीवन की हर विघ्न बाधा को करेंगे दूर





गणेश चतुर्थी का पावन त्योहार हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर भक्त बप्पा की प्रतिमा को घर में स्थापित कर उनकी विधि-विधान से पूजा करते हैं। हालांकि बप्पा की पूजा के दौरान कुछ वास्तु नियमों का पालन भी आपको करना चाहिए। अगर आप गणेश चतुर्थी के दौरान वास्तु के नियमों के अनुसार घर को सजाते हैं तो कई शुभ परिणाम आपको प्राप्त होते हैं।

**भगवान गणेश की चौकी से जुड़े वास्तु टिप्स**

वास्तु शास्त्र में पूजा पाठ से जुड़े नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। ऐसे में गणेश जी की पूजा से जुड़े नियमों का पालन आपको गणेश चतुर्थी के दिन करना चाहिए। गणेश जी की मूर्ति को स्थापित करने के लिए लकड़ी से बनी चौकी आपको घर लानी चाहिए। गणेश जी की चौकी आपको घर के उत्तर-पूर्व कोने (ईशान कोण) में रखनी चाहिए और इस दिशा में रखी चौकी पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए।

चौकी के आसपास के स्थान को फूल, केले के पत्ते आदि से आपको सजाना चाहिए। इस तरह घर में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना करने से सुख-समृद्धि आपके जीवन में आती है।


मुख्य द्वार से जुड़ी वास्तु नियम

गणेश चतुर्थी के दौरान घर के मुख्य द्वार को भी सजाना बेहद शुभ माना जाता है। यहीं से विघ्नहर्ता गणेश जी का प्रवेश आपके घर में होता है। इसलिए गणेश चतुर्थी के मौके पर आपको घर के मुख्य दरवाजे पर आम के पत्तों का बंदनवार लगाना चाहिए। इसके साथ ही घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक का चिह्न भी आप बना सकते हैं। मुख्य द्वार के पास रंगोली बनाना भी बेहद शुभ इस दौरान माना जाता है। ऐसा करने से आपके घर का वास्तु तो सुधरता ही है साथ ही गणेश जी आपके जीवन की विघ्न बाधाओं को भी दूर करते हैं।

**रंगों का रखें विशेष ध्यान**

गणेश चतुर्थी के मौके पर घर को सजाते समय आपको रंगों का इस्तेमाल भी बेहद सावधानी से करना चाहिए। इस दौरान गलती से भी आपको काले, भूरे, गाढ़े नीले रंग का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। वास्तु के अनुसार गणेश चतुर्थी जैसे धार्मिक मौकों पर लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंगों का उपयोग करना चाहिए। इन रंगों का इस्तेमाल करने से आपके घर में सकारात्मकता बनी रहती है और साथ ही ईश्वर का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# कामयाबी के रास्ते का कांटा हैं ये 5 चीजें, नीम करोली बाबा ने इनसे दूर रहने की दी है सीख



नीम करोली बाबा को भारत के महान संतों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल के दौरान कई ऐसी शिक्षाएं दी हैं जिनपर अमल करके लोग आज भी लाभ पाते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि नीम करोली बाबा ने कामयाब होने के लिए किन चीजों से दूर रहने की सलाह दी है।

**नीम करोली बाबा**

बाबा नीम करोली भारत के महान आध्यात्मिक गुरुओं में शामिल हैं। उनके भक्त न केवल भारत बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से नैनीताल स्थित कैंची धाम आते हैं। उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को लोग आज भी आत्मसात करते हैं। नीम करोली बाबा ने कामयाब होने के लिए कुछ चीजों से दूरी बनाने की सीख दी है। आज हम आपको इसी के बारे में अपने इस लेख में जानकारी देंगे। नीम करोली बाबा के द्वारा बताई गई इन बातों को समझकर आप भी खुद में कई बदलाव कर सकते हैं।

**ईर्ष्या करने से बचें**

नीम करोली बाबा के अनुसार ईर्ष्या करने से व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का ही नाश करता है। इसके कारण आपको सफलता भी नहीं मिलती है। इसलिए कभी भी दूसरों से ईर्ष्या आपको नहीं करनी चाहिए। आपका ईर्ष्यालू स्वभाव आपको असामाजिक भी बनाता है और मानसिक परेशानियों को कारण भी बनता है।

**लालच है बुरी बला**

नीम करोली बाबा के अनुसार जो व्यक्ति लालची होता है उसको जीवन में ना ही बरकत मिलती है और ना सफलता। लालच करने वाला व्यक्ति हमेशा अपने हित के बारे में सोचता है, जो समाज के बीच रहने वाले वाले व्यक्ति का अच्छा गुण नहीं है। इसलिए लालच करने से हमें बचना चाहिए, लालच हमारी सफलता के राह का कांटा है।

अहंकार करने से बचें

जो व्यक्ति अहंकार में जीता है उसे कभी जीवन में सही राह नहीं मिलती। अहंकार के वशीभूत होकर व्यक्ति गलत संगति में भी पड़ जाता है। साथ ही ऐसे लोगों से अच्छे लोग हमेशा दूरी बनाते हैं। नीम करोली बाबा के अनुसार अहंकार रुपी कांटे को अगर आप अपने चरित्र से निकाल देते हैं तो सफलता जरूर आपके कदम चूमती है। वहीं जो लोग अहंकार में जीते हैं उन्हें सफल होने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**क्रोध करने से बचें**

क्रोध से भी नीम करोली बाबा बचने को कहते हैं। क्रोध में आकर व्यक्ति दूसरों का नहीं बल्कि अपना ही अहित कर देता है। क्रोध करने से मानसिक शांति भी भंग होती है और आप अपने उद्देश्य से भी भटक जाते हैं। इसलिए आपको क्रोध पर हमेशा नियंत्रण रखना चाहिए।

**नकारात्मक लोगों से दूरी**

नीम करोली बाबा के अनुसार हमें अपनी संगति का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनानी चाहिए जो नकारात्मक बातें करते हैं या गलत कार्यों में लिप्त रहते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करने पर आप सफलता के पथ से भटक सकते हैं। वहीं अच्छी संगति में रहकर आप अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

# हरतालिका तीज पर बनने वाले हैं यह पांच बेहतरीन संयोग, कई गुना हो जाएगा व्रत का लाभ



26 अगस्त को महिलाएं तीज का व्रत रखेंगी। भाद्रपद महीने के तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला हरतालिका तीज काफी महत्वपूर्ण व्रत में से एक माना जाता है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करने और अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला-निराहार उपवास रखती हैं और भगवान भोलेनाथ का व्रत करती हैं। लेकिन इस बार तीज के दिन एक या दो नहीं बल्कि पांच बेहतरीन और अद्भुत संयोग का निर्माण हो रहा है। जिससे तीज व्रत का फल कई गुना बढ़ जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित शत्रुघ्न झा बताते हैं कि इस साल 26 अगस्त को चार विशिष्ट योग का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि उस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, गजकेसरी योग और पंचमहापुरुष योग का निर्माण हो रहा है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इन चारों योग में से गजकेसरी योग को सबसे अधिक महत्वपूर्ण और शुभ फलदायी माना गया है। काफी लंबे समय के बाद ग्रहों की ऐसी स्थिति बन रही है, जिस कारण तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं को काफी फायदा होगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं को गजकेसरी योग में भगवान भोलेनाथ की पूजा करनी चाहिए। पूजन का मुहूर्त 25 अगस्त की दोपहर 12:34 बजे से प्रारंभ होकर 26 अगस्त की दोपहर 1:54 बजे तक रहेगा। इसलिए 26 अगस्त की दोपहर 1:54 बजे से पहले पूजन करना शुभ माना जाएगा।

**इस योग का भी होना है निर्माण**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हरतालिका तीज के दौरान नव पंचम योग का भी निर्माण हो रहा है। जिसका फायदा कई राशि के जातकों को विशेष रूप से मिलेगा। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त के दिन शनि और शुक्र एक दूसरे के साथ मिलकर नवपंचम योग का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि 26 अगस्त को शनि मीन राशि में रहेंगे और शुक्र मिथुन राशि में रहेंगे। यह दोनों ग्रह एक दूसरे से वक्री हो जाएंगे, जिस कारण नवपंचम योग का निर्माण होगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि नाव पंचम योग से मेष राशि, सिंह राशि और मीन राशि के जातकों को विशेष फायदा पहुंचेगा। ऐसे में इस बार के तीज का त्यौहार काफी खास होने वाला है।

# रोड डिवाइडर के बीच सेंट्रल लाइटिंग की जाएगी : पोन्नम प्रभाकर

## मंत्री ने सिद्दीपेट निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने हुस्नाबाद श्री रेणुका येल्लम्मा अम्मावर का दौरा किया और विशेष पूजा-अर्चना की। बाद में, मंदिर के ईओ किशन राव ने अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर में लंबित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मंदिर अधिकारियों को अम्मावर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को ऐसी कठिनाइयों से बचाने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हुस्नाबाद येल्लम्मा चेरुवु के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए गए।



मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि ऐतिहासिक येल्लम्मा मंदिर और येल्लम्मा चेरुवु के विकास के संबंध में हुस्नाबाद में बदलाव लाने के लिए हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र और हुस्नाबाद नगर पालिका में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। येल्लम्मा चेरुवु के आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 1.5 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किया जाएगा। हमने ठेकेदारों, नगरपालिका और अन्य अधिकारियों के साथ इस बात पर चर्चा की है कि बतुकम्मा और दशहरा त्योहारों से पहले विकास कार्य प्रगति पर होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि भविष्य में, हम कप्पुगुट्टा को एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करेंगे, एक हरित होटल लाएंगे, सभी प्रकार की झीलों का विकास करेंगे और जल नौकाएं लाएंगे। येल्लम्मा झील का इतिहास काकतीय काल से है। हम इसे हर तरह से विकसित कर रहे हैं। हमने येल्लम्मा मंदिर के लिए एक परिसर बनाया है। यहां त्योहारों पर आने वाले लोगों के लिए जुबली हिल्स पेद्दम्मा मंदिर की तरह ठहरने, खाने-पीने और अन्य गतिविधियों के लिए एक जगह है।

हम इसे हर तरह से विकसित करेंगे। हुस्नाबाद सिटी हॉस्पिटल का काम तेज़ी से चल रहा है। इसके पूरा होते ही यहां एक पीजी कॉलेज बनेगा। इसका काम भी तेज़ी से चल रहा है। रोड डिवाइडर के बीच सेंट्रल लाइटिंग की जाएगी। येल्लम्मा झील से मल्ले चेट्टू तक डिवाइडर वाली एक दोहरी सड़क बनेगी। नई झील के विकास के लिए हम एक टैंक बंड बनाकर उसका विकास करेंगे। हम जंक्शन के विकास की योजनाएं बना रहे है। उन्होंने कहा कि शहर और निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए एक इंजीनियरिंग कॉलेज, एक औद्योगिक पार्क, एक महासभा गांधी पर्यटन परियोजना, चार ज़िलों में चार लेन वाली सड़कें और जनगांव की सड़कें बन रही हैं। हम गौरवेली परियोजना को पूरा करेंगे, जो किसानों के लिए उपयोगी होगी। नहरों के किसानों को इकट्ठा करना होगा।

## हरीश राव ने उर्वरक की कमी को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक हरीश राव ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर समय पर उर्वरक आपूर्ति न करके किसानों को संकट में डालने का आरोप लगाया। भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का हवाला देते हुए, हरीश राव ने कहा कि केंद्र ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट कर दिया है कि देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि 143 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता के मुकाबले 183 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है और 155 लाख मीट्रिक टन पहले ही बिक चुका है। इसी प्रकार, डीएपी में 45 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 49 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है, और एनपीके में 58 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 97 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक अधिशेष में उपलब्ध हैं। तो फिर कौन झूठ बोल रहा है? क्या यह रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार है, या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला मंत्रालय?

# मंत्री सीतक्का ने मुलुगु जिले में विकास कार्यों का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 'उरुरा बतुकम्मा' के उत्सवी माहौल में 'पनुला जतारा' मनाया जा रहा है। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में उद्घाटन और शिलान्यास समारोह उत्साह के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। 'पनुला जतारा' के दूसरे दिन, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीतक्का ने शनिवार को मुलुगु जिले के मल्लमपल्ली में श्रीनगर ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी।

इसके बाद, जे.डी. मल्लमपल्ली मंडल के एम.डी. गौस पल्ले गांव में निर्मित पुलिया का उद्घाटन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और स्थायित्व के उद्देश्य से पंचायत राज ग्रामीण विकास पहल शुक्रवार को पूरे राज्य में कार्य उत्सव के रूप में शुरू हुई। यह कार्य उत्सव रोजगार के अवसर बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पहले दिन पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में 205 करोड़ रुपये की लागत से कुल 13,552 कार्यों का शुभारंभ हुआ, जबकि 1994 करोड़ रुपये की निधि से 88,037 विकास कार्यों के लिए अनुमति प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह एक ऐतिहासिक क्षण है कि राज्य में 2199 करोड़ रुपये की निधि से कुल 1,01,589 कार्य शुरू हुए।

उल्लेखनीय है कि अब तक 65 से अधिक विधायक, विधान पार्षद और मंत्री कार्य उत्सव में भाग ले चुके हैं। जनभागीदारी से पनुला जतरा उरुरा बतुकम्मा का उत्सव बन गया है। मंत्री सीतक्का ने पंचायत राज आयुक्त से लेकर पंचायत सचिव और 'पनुला जतरा' को बेहतर समन्वय से सफल बनाने वाले सभी व्यापारियों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री सीतक्का ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर परिवार को मजदूरी वाला काम उपलब्ध कराकर बुनियादी ढांचे के निर्माण, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायी संपत्ति बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए ये कार्यक्रम, लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए, जनता की जीत का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों से विधायकों, विधान पार्षदों, सांसदों और सहयोगी मंत्रियों ने इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्य, जिला, मंडल और ग्राम स्तर के अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी। मंत्री सीतक्का ने इस सफलता में योगदान देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा विकास की सीढ़ी है : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज सरकारी स्कूलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से इन स्कूलों को महत्व देने का आग्रह किया क्योंकि महात्मा गांधी, एपीजे अब्दुल कलाम और अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई महान नेताओं, वैज्ञानिकों और बुद्धिजीवियों ने सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की थी। उन्होंने कहा, शिक्षा विकास की सीढ़ी है, जो समाज में पहचान और अवसर लाती है। अंबरपेट में जीएचएस और सीपीएल सरकारी स्कूलों के छात्रों को नोटबुक और जूते वितरित करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया और अभिभावकों से अपने बच्चों की शिक्षा में अपार आशा रखने का आग्रह किया।

## यूरिया के लिए कतार में लगा किसान बेहोश

महबूबनगर, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार सुबह महबूबनगर शहर के पुराने बस स्टैंड पर यूरिया के लिए कतार में खड़े एक किसान को दौरा पड़ने के बाद बेहोशी आ गई। किसानों से मिलने इलाके में मौजूद पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने उस व्यक्ति को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उसकी पहचान और हालत का तुरंत पता नहीं चल पाया है। मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि वह भी कई अन्य लोगों की तरह सुबह से ही यूरिया की आपूर्ति का इंतजार कर रहा था।

घटनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए, श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि इस घटना ने किसानों के लिए यूरिया का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने में कांग्रेस सरकार की विफलता को उजागर किया है। उन्होंने कहा, जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय, एक मंत्री बीआरएस नेताओं पर कृत्रिम कमी की अफ़वाहें फैलाकर अशांति पैदा करने का आरोप लगा रहे हैं। वे तो यहां तक आरोप लगा रहे हैं कि बीआरएस गैर-किसानों को कतारों में खड़ा कर रही है। यह बेहद निंदनीय है।

पूर्व मंत्री ने किसानों और मीडिया के बीच बातचीत भी करवाई। एक किसान, कुरुमैय्या ने कहा, चूंकि यूरिया की आपूर्ति कब होगी, इसकी कोई जानकारी नहीं है, इसलिए मैंने एक कंबल ले लिया है और पिछले तीन दिनों से यहीं सो रहा हूं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक महिला किसान ने भी ऐसी ही शिकायत साझा की। एक अन्य किसान ने बताया कि उसे अपने खेतों में बीज बोए 20 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक यूरिया उपलब्ध नहीं है।

## सुरवरम सुधाकर रेड्डी के राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के आदेश

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दिवंगत राष्ट्रीय नेता और पूर्व सांसद कॉमरेड सुरवरम सुधाकर रेड्डी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव को आदेश जारी कर सुधाकर रेड्डी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ भाकपा नेता सुरवरम सुधाकर रेड्डी (83) ने शुक्रवार रात हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार को होना है, उनके बड़े बेटे के अमेरिका से आने का इंतजार है।

सुधाकर रेड्डी का पार्थिव शरीर उस दिन सुबह 10 बजे से भाकपा के राज्य कार्यालय, मखदूम भवन में जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होगा। दोपहर में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया तय की गई है, जिसके बाद उनकी इच्छानुसार उनके अवशेष गांधी मेडिकल कॉलेज को शोध के लिए दान कर दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, उनकी आंखें सरोजिनी देवी नेत्र चिकित्सालय को दान की जाएंगी। सुधाकर रेड्डी ने 1998 और 2004 में दो बार नलगोंडा निर्वाचन क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व किया और श्रम संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष रहे। उन्होंने छात्र आंदोलनों से राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा और तीन बार भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में कार्य किया।

## आज होने वाली हैदराबाद मैराथन के लिए यातायात में परिवर्तन

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मैराथन का 14वां संस्करण रविवार (24 अगस्त) को सुबह 5 बजे से 11:30 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पीपुल्स प्लाजा (नेकलेस रोड) से शुरू होकर हिटेक्स प्रदर्शनी मैदान (माधापुर) में समाप्त होगा और गच्चीबावली स्टेडियम में समाप्त होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 42 किलोमीटर की फुल मैराथन: पीपुल्स प्लाज़ा, नेकलेस रोड से शुरू होगी, जबकि 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन: भी पीपुल्स प्लाज़ा से ही शुरू होगी। 10 किलोमीटर की दौड़ हिटेक्स प्रदर्शनी मैदान, माधापुर से शुरू होगी। रविवार के आयोजन को देखते हुए, साइबराबाद कमिश्नरेट की सीमा में कई यातायात परिवर्तन और प्रतिबंध लागू रहेंगे। "लिंगमपल्ली वाया आईआईटी जंक्शन" के संबंध में, यातायात पुलिस ने यात्रियों से शैकपेट, गाच्चीबावली फ्लाईओवर, बायोडायवर्सिटी फ्लाईओवर और ओआरआर होते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया है। कोत्तागुडा- साइबर टावर्स पर प्रतिबंध सुबह 7:15 बजे तक लागू रहेंगे। शेकपेट/मेहंदीपटनम से लिंगमपल्ली के संबंध में : काज़गुडा जंक्शन, नानकरामगुडा और विप्रो जंक्शन होते हुए यातायात परिवर्तित किया जाएगा। इंदिरानगर और एचसीयू गेट संख्या 2 के बीच प्रतिबंध सुबह 11:30 बजे तक लागू रहेंगे। कोत्तागुडा/कोंडापुर और केपीएचबी की ओर: बायोडायवर्सिटी फ्लाईओवर, आईकिया, लेमन ट्री जंक्शन और माधापुर होते हुए मार्ग परिवर्तित किए जाएंगे। कुछ खास हिस्सों पर सुबह 8:00 बजे तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

## अपराधों से अंतरराज्यीय गिरोहों पर नजर रखने की चुनौती हुई उजागर

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोहों का पता लगाना किसी अपराध के बाद मुश्किल होता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वे दो अपराधी हैं जिन्होंने इस साल जनवरी में अफजलगंज में एक ट्रैवल एजेंसी के मैनेजर पर गोली चलाकर उसे घायल कर दिया था। दोनों ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के बीदर में दो सुरक्षा गार्डों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और फिर नकदी लूटकर शहर आ गए थे। जब वे अफजलगंज में दो बैग लेकर बस में चढ़े, तो मैनेजर ने बैग की जांच की और उसमें नोट देखे। पैसों के बारे में पूछताछ करने पर, एक संदिग्ध ने ट्रैवल मैनेजर पर गोली चला दी।

इसके बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। सात महीने से ज़्यादा हो गए हैं, और दोनों अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। माना जा रहा है कि वे नेपाल भाग गए हैं। दोनों संदिग्ध छत्तीसगढ़ और बिहार के रहने वाले हैं। चंदननगर में खजाना ज्वेलरी स्टोर में हुई डकैती में शामिल दो लोगों को शुरूआत में ही पकड़ लिया गया था, जबकि बाद में पांच अन्य को भी पकड़ लिया गया। सभी संदिग्ध बिहार के रहने वाले हैं। आदिबटला एटीएम मामले में पुलिस हरियाणा स्थित गिरोह के कुछ संदिग्धों को पकड़ने में कामयाब रही, जबकि शेष अभी भी फरार हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, एक बार जब गिरोह बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ में घुस जाता है, तो उसे पकड़ना मुश्किल होता है। कई बार, वे मानवरहित सीमावर्ती गांवों से होते हुए पड़ोसी देशों में घुस जाते हैं।

# केटीआर ने सैम ऑल्टमैन से ओपनएआई परिचालन स्थापित करने का किया आग्रह

## ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन का गर्मजोशी से किया स्वागत

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनसे कंपनी का भारतीय परिचालन हैदराबाद में स्थापित करने का आग्रह किया। ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत में जल्द ही ओपनएआई का कार्यालय स्थापित करने की योजना की घोषणा की थी, और राव ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए हैदराबाद को इसके लिए आदर्श स्थान बताया।

राव ने एक ट्वीट में ऑल्टमैन का स्वागत किया, जो अगले महीने भारत आने वाले हैं।

उन्होंने हैदराबाद की साख को देश में ओपनएआई की महत्वाकांक्षाओं के लिए एक आदर्श प्रवेश द्वार के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने शहर को नवाचार का एक जीवंत केंद्र बताया, जो ओपनएआई जैसे वैश्विक तकनीकी अग्रणी को समर्थन देने के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है। राव ने हैदराबाद के गतिशील नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र पर ज़ोर दिया, जिसमें टी-हब, वी हब, टी-वर्क्स, तेलंगाना राज्य नवाचार प्रकोष्ठ और हैदराबाद अनुसंधान एवं नवाचार मंडल जैसे संस्थान शामिल हैं। इन संगठनों ने शहर को स्टार्टअप और तकनीकी उन्नति के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

बीआरएस नेता ने बताया कि हैदराबाद पहले से ही माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, अमेजन, मेटा, एप्पल और क्वालकॉम जैसी वैश्विक तकनीकी दिग्गजों के लिए एक पसंदीदा केंद्र रहा है, क्योंकि यहां तकनीकी और स्टार्टअप प्रतिभाओं का भंडार प्रचुर मात्रा में है। उन्होंने कहा कि यह ओपनएआई के लिए भारत के कुशल कार्यबल का लाभ उठाने के लिए एक आदर्श आधार बनाता है। राव ने भारत की एआई राजधानी के रूप में खुद को स्थापित करने के तेलंगाना के साहसिक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 2020 को 'एआई का वर्ष' घोषित किया है और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई एआई-संचालित पहल शुरू की हैं। इन कदमों ने वैश्विक एआई परिदृश्य में एक अग्रणी के रूप में हैदराबाद की स्थिति को मजबूत किया है। प्रतिभा, नवाचार और वैश्विक कनेक्टिविटी के अपने अनूठे मिश्रण के साथ, राव ने जोर देकर कहा कि हैदराबाद एआई क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

## भद्राचलम में धीमी गति से चल रहा है विकास कार्य

कोत्तागुडेम, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 28 दिसंबर, 2022 को तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) के तहत शुरू किए गए मंदिर शहर भद्राचलम और परनासाला में बुनियादी ढांचे का विकास धीमी गति से चल रहा है। तेलंगाना पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के बाद केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने 41.38 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी दे दी है। तेलंगाना राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए जून 2023 में कार्य निविदाएं आमंत्रित की गईं और स्वीकृत की गईं।

इस योजना के तहत, मुख्य मंदिर क्षेत्र में नित्यकल्याण मंडपम में 1.09 करोड़ रुपये की लागत से एक शेड बनाने की योजना बनाई गई थी। प्रसादम उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण क्षेत्र के मशीनीकरण के लिए 69.60 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। प्रस्तावित कार्यों में 6.94 करोड़ रुपये की लागत से एक डिजिटल प्रोजेक्शन रूम के साथ एक भक्त/तीर्थयात्री सुविधा केंद्र की स्थापना, 99.20 लाख रुपये की लागत से एक आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की स्थापना और 79.75 लाख रुपये की लागत से सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली की स्थापना शामिल थी। लेकिन प्रस्तावित कार्यों में से आधे भी पूरे नहीं हुए।




## सीएसआईआर- सीसीएमबी में संयुक्तएक-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीएसआईआर-सीसीएमबी,हैदराबाद में हैदराबाद स्थित सीएसआईआर की तीनों प्रयोगशालाओं, सीएसआईआर स्भ्स्भ्एमबी, सीएसआईआर-एनजीआरआईएवं सीएसआईआर- आईआईसीटी के संयुक्त तत्वावधान में एक पूर्ण दिवसीय संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।सीएसआईआर-सीसीएमबी के निदेशक डॉ. विनय कुमार नंदिकूरी ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम तीनों प्रयोगशालाओं के निदेशकों और प्रशासन नियंत्रकों को धन्यवाद दिया। संयुक्त हिंदी कार्यशालाके उद्घाटन सत्र का संचालन सीसीएमबी की हिंदी अधिकारी श्रीमती नूपुर रानी प्रसादने किया। उन्होंने सीसीएमबी के निदेशक महोदय और गणमान्य व्यक्तियों का मंच पर स्वागत किया। साथ ही तीनों प्रयोगशालाओं से आए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का भी स्वागत करते हुए संयुक्त हिंदी कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय दिया।

उद्घाटन सत्र के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. विनय कुमार नंदिकूरीनेअपने स्वागत संबोधन में कहा कि हैदराबाद में स्थित सीएसआईआर की तीनों प्रयोगशालाएं विज्ञान के क्षेत्र में आगे हैं। निदेशक ने राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही। संयुक्तहिंदी कार्यशाला का आयोजन होने से एक ही स्थान पर एक ही समय में बहुत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों से कार्यालय के काम हिंदी भाषा में, जहां तक संभव हो सके, प्रयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही निदेशक महोदय नेकहाकि ई-ऑफिस में भी अनुवाद की सहायता से हिंदी भाषा में काम किया जा सकता है। सीसीएमबी की वरि.प्रशासन नियंत्रक श्रीमती शैलजा मद्दाली ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की राजभाषा हिंदी देश का गौरव है। तीनों प्रयोगशालाओं के संयुक्त प्रयासों से कार्यशाला का आयोजन एक प्रगतिशील कदम है। कार्यालय में प्रयोग होने वाली हिंदी सामान्य हिंदी से थोड़ी अलग होती है, जिसे आप नियमित रुप से आयोजित हो रही संयुक्त हिंदी कार्यशालाओं के माध्यम से सीखकर आसानी से अपना काम हिंदी में कर सकते हैं। सीसीएमबी के प्रशासन नियंत्रक श्री सी. श्याम सुंदरने अपने संबोधन में कहा किभारत सरकार के निर्देशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रति सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करने, हिंदी में अपना सरकारी काम करने में होने वाली झिझक को दूर करने, उनकी मनोवृत्ति बदलने के लिए और राजभाषा नीति की व्यापक जानकारी देने के लिएयह आवश्यक है कि हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले सभी कार्मिकों को नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाए।





# पूर्व सीएम गहलोत का भाजपा सरकार पर हमला

## मंडियों में यूजर चार्ज और आरजीएचएस योजना पर उठाए सवाल



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा सरकार को दो अहम मुद्दों पर घेरा है। उन्होंने मंडी और उपमंडी यार्ड में लगाए गए नए यूजर चार्ज और आरजीएचएस योजना को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

गहलोत ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने हाल ही में एक आदेश निकालकर गैर-अधिसूचित कृषि उपज एवं खाद्य पदार्थों पर प्रति 100 रुपए के लेन-देन पर 50 पैसे यूजर चार्ज लगाने का फैसला किया है। इस आदेश के दायरे में दाल, चावल, आटा, मैदा, सूजी, तिलहन, खाद्य तेल, नमक और ड्राई फ्रूट्स जैसे रोजमर्रा के उपयोग के सामान शामिल कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसके विरोध में प्रदेश की 247 खाद्य पदार्थ मंडियां हड़ताल पर हैं, जिससे व्यापारियों को घाटा हो रहा है और आमजन परेशानियों का सामना कर रहे हैं। गहलोत ने सरकार से आग्रह किया कि वह तुरंत व्यापारियों से वार्ता कर समाधान निकाले।

इसके साथ ही गहलोत ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम को लेकर भी सरकार की गंभीरता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार को सरकारी कार्मिकों, पेंशनर्स एवं उनके परिजनों की कोई चिंता नहीं है। 25 अगस्त से निजी अस्पतालों द्वारा इस योजना के अंतर्गत इलाज बंद करने की चेतावनी दी गई है, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार रुक सकता है। गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया कि वे तुरंत इस विषय पर गंभीर पहल करें और समाधान तलाशें।

### राजनाथ सिंह कल जोधपुर आएंगे

#### आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स एकेडमी भवन का करेंगे उद्घाटन

जोधपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 अगस्त को जोधपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राजनाथ सुबह 11:35 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे तथा 11:55 बजे हनुवंत आदर्श विद्या मंदिर, लालसागर आएंगे। बता दें कि वे दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक आदर्श विद्या मंदिर, लालसागर परिसर स्थित आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स एकेडमी भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद सिंह दोपहर 1:50 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 1:55 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी 24 अगस्त को जोधपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पुरी रविवार सुबह 10:25 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 11 बजे सड़क मार्ग से पचपदरा, बालोतरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# प्रतापगढ़ में फिल्मी अंदाज जैसा हादसा

## पुलिस पीछा करती पिकअप 100 फीट गहरे कुएं में गिरी, नहीं मिला तस्करों का सुराग

प्रतापगढ़, 23 अगस्त (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक ऐसा वाकया हुआ, जिसने लोगों को हैरान कर दिया। रठांजना थाना क्षेत्र के थड़ा से लालपुरा मार्ग पर पुलिस पीछा कर रही थी और तस्कर तेज रफ्तार से भाग रहे थे। इसी बीच गांव के बीचों-बीच बने 100 फीट गहरे कुएं में डोडा-चूरा से भरी पिकअप धड़ाम से गिर गई। यह दृश्य बिल्कुल किसी फिल्मी सीन जैसा लग रहा था।




सूत्रों के अनुसार, पुलिस को तस्करों की गतिविधियों की जानकारी मिल चुकी थी। देर रात पिकअप को रोकने के प्रयास में पीछा किया गया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। कुएं के पास बिना मुंडेर वाले मोड़ पर अचानक संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सीधे कुएं में जा गिरी। हादसा इतना चौंकाने वाला था कि मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए।

पूरी रात कुएं का पानी निकाला

घटना के बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पूरी रात मोटरों से कुएं का पानी निकाला जाता रहा। सुबह करीब 10 बजे पिकअप नजर आई। अब क्रेन की मदद से वाहन को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है। कुएं में गिरे वाहन से डोडा-चूरा भरा होने की पुष्टि हुई है। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि तस्कर वाहन में ही दब गए या अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

पुलिस कर रही जांच

सुबह से ही घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा तेज रफ्तार और बिना मुंडेर वाले कुएं की वजह से हो सकता है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को तस्करी से जोड़कर जांच कर रही है। सभी की नजरें अब उस पिकअप पर टिकी हैं, जिससे इस सनसनीखेज घटना का सच सामने आएगा।

# ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर और ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करें

## समीक्षा बैठक में सीएम भजनलाल ने दिए निर्देश

जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सैलानियों की संख्या में वृद्धि के लिए ऐतिहासिक, प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों की कार्ययोजना बनाएं। इससे प्रदेश में रोजगार भी बढ़ेंगे। सीएम मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग की बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय संग्रहालयों के उन्नयन एवं संरक्षण, पैनोरमा निर्माण कार्य, बावड़ी जीर्णोद्धार सहित अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के धार्मिक पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर एवं घाटों का विकास कार्ययोजना के आधार पर करने के निर्देश दिए।

**बैठक में ये लोग रहे मौजूद**

सीएम ने बेणेश्वर धाम, रामेश्वर घाट एवं बीगोद संगम को त्रिवेणी संगम के रूप में एवं प्रदेश में जनजातीय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**किसानों की भी सीएम ने ली सुध**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खरीफ के लिए उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो। सीएम खरीफ उर्वरक के आवंटन, आपूर्ति एवं उपलब्धता की जिलेवार समीक्षा कर रहे थे। प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश को अच्छी पैदावार के संकेत बताते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए जागरुक किया जाए एवं वर्मी कम्पोस्ट, ऑर्गेनिक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# लॉरेंस बिश्नोई के बचपन का दोस्त है मयंक सिंह

## *'डॉन' की तरह विदेश से चलाता था सिंडिकेट*

## अजरबैजान से लाया गया रांची

रांची, 23 अगस्त (एजेंसियां)। लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू का करीबी गैंगस्टर मयंक सिंह को अजबैजान से प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एंटी टेररिस्ट स्कॉड की टीम सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को लेकर रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट से मयंक सिंह को बख्तरबंद गाड़ी में लेकर एटीएस की टीम रामगढ़ लेकर रवाना हो गई। मयंक सिंह झारखंड का पहला ऐसा गैंगस्टर है जिसे विदेश से प्रत्यर्पण कर लाया गया है। उसका आपराधिक इतिहास बहुत लंबा है। एटीएस की टीम उससे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के कनेक्शन के बारे में पूछताछ करेगी और कई राज खोलने की कोशिश करेगी। मयंक सिंह पर हत्या, रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आपराधिक षड्यंत्र के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरार था और भारत से बाहर छिपकर अपने नेटवर्क को सक्रिय कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, मयंक सिंह राज्य के कई बड़े व्यापारियों और ठेकेदारों से वसूली करता था और उसके इशारे पर फायरिंग, हत्या की घटनाएं कराई जाती थीं।



पुलिस सूत्रों का कहना है कि मयंक सिंह का सीधा कनेक्शन लॉरेंस बिश्नोई गैंग और झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू से है। यही कारण है कि उसे पुलिस के लिए बड़ा खतरा माना जाता था। वो विदेश से भी अपने गुर्गों को निर्देश देता था और रंगदारी के लिए फोन कॉल्स करवाता था। इंटरपोल की मदद से झारखंड पुलिस ने पहले उसका लोकेशन ट्रैक किया। फिर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और सीबीआई की इंटरपोल शाखा के सहयोग से उसका प्रत्यर्पण संभव हो सका। कई महीनों की मेहनत और कानूनी प्रक्रिया के बाद आखिरकार पुलिस को सफलता मिली है।

सुनील मीणा पहले काम के लिए मलेशिया गया था, जहां वह रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क में आया। मलेशिया से ही उसने अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया था। उस पर लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर राजस्थान और पंजाब में हत्या, रंगदारी और गोलीबारी जैसी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। सुनील मीणा पहली बार तब सुर्खियों में आया जब उसने राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगी थी। उसने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप मालिक से भी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी, और जब उसने पैसे देने से इनकार किया तो सुनील ने उस पर फायरिंग करवा दी थी।

जांच से पता चला है कि पासपोर्ट रद्द होने के बाद, सुनील मीणा डंकी रूट (अवैध तरीके से विदेश जाने का रास्ता) के जरिए सिंगापुर, ईरान और मेक्सिको होते हुए यूएसए पहुंच गया था. ऐसा कहा जाता है कि वह वहीं से अमन साहू गिरोह के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से सदस्यों की भर्ती कर रहा था। इसके अलावा, वह मयंक सिंह के साथ मिलकर झारखंड, बंगाल और छत्तीसगढ़ में कोयला और परिवहन कंपनियों से रंगदारी वसूलने की योजना भी बना रहा था।

### भीषण सड़क हादसा

#### पुष्कर दर्शन को जा रहे 4 लोगों की दर्दनाक मौत; कार के उड़े परखच्चे

नागौर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। डीडवाना-कुचामन जिले में लाडनूं तहसील क्षेत्र के जसवंतगढ़ के पास शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां लाडनूं से सुजानगढ़ की ओर जा रही सीकर डिपो की रोडवेज बस और एसयूवी कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एसयूवी सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक चूरू जिले के राजलदेसर और मौमासर निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना के अनुसार बोलेरो में सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे, जो पुष्कर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक गौवंश के सड़क पर आ जाने से एसयूवी वाहन और रोडवेज बस में भिड़ंत हो गई।

# जोरदार बारिश से कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात

## सेना ने संभाला मोर्चा, नैनवां में 13 इंच से अधिक वर्षा



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पहले चरण के मानसून के बाद अब दूसरे चरण के मानसून में भी मेघ मेहरबान है। कोटा, बूंदी, बारां, सवाईमाधोपुर और भीलवाडा में जोरदार बारिश से कोटा के निमोदाहरिजी, भीलवाड़ा के तिलस्वां, सवाईमाधोपुर के भाड़ौती और बूंदी जिले के नैनवां-कापरैन में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बूंदी जिले के नैनवां में सर्वाधिक 13 वहीं सवाईमाधोपुर में 10 इंच की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मुख्य मार्ग और कॉलोनियों में पानी भर गया है। बचाव कार्य के लिए सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। फंसे हुए लोगों निकालने का काम शुरू कर रखा है। वहीं बारिश के मौसम को देखते हुए कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा और सवाईमाधोपुर में सभी निजी व सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में शनिवार का अवकाश घोषित किया गया है।

पूर्वी राजस्थान व आस-पास के इलाके में एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव के कारण आगामी एक सप्ताह में राज्य के अधिकांश भागों में मानसून के पूरी तरह से सक्रिय होने की संभावना है। अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

**नवनैरा और कोटा बैराज के गेट खोले**

कोटा बैराज के 3 गेट खोलकर 36 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई। ईआरसीपी के कालीसिंध नदी पर बने नवनैरा बांध के पांच गेट खोलकर 95 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। ताकली बांध के कैचमेंट में हो रही लगातार बारिश के चलते बांध का 1 गेट खोल 268 क्यूसेक पानी की निकासी की गई।

# गोवा के कैसीनो कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई

## बेटी की शाही शादी से चर्चा में आए थे

जोधपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। गोवा में बड़े पैमाने पर कैसीनो कारोबार चलाने वाले बाड़मेर जिले के नौसर गांव निवासी समुंदर सिंह राठौड़ के जोधपुर स्थित घरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। यह कार्रवाई अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी से जुड़े एक बड़े मामले की जांच के तहत की गई है।

ईडी बेंगलुरु जोनल कार्यालय की टीम द्वारा कारोबारी राठौड़ के देशभर के करीब 30 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा गया। इनमें जोधपुर में 3 जगहें, चित्रदुर्ग जिले में 6, बेंगलुरु शहर में 10, हुबली में 1, मुंबई में 2 और गोवा में 8 स्थान शामिल हैं। गोवा के 5 बड़े ऑफ-शोर कैसीनो भी इस छापेमारी की जद में आए। जोधपुर में राठौड़ के भगत की कोठी विस्तार योजना स्थित मुख्य आवास और शास्त्री नगर की संपत्ति पर ईडी टीम ने दस्तावेज खंगाले।

समुंदर सिंह राठौड़ गोवा में मैजेस्टिक प्राइड कैसीनो के नाम से प्रसिद्ध ऑफ-शोर कैसीनो चलाते हैं, जिसे गोवा का सबसे बड़ा कैसीनो माना जाता है। इसके अलावा, वे कई अन्य कंपनियों में निदेशक पद पर भी कार्यरत हैं, जिनका संबंध होटल, इंफ्रावेंचर और सोलर एनर्जी व्यवसाय से है।

राठौड़ का सफर बेहद सामान्य पृष्ठभूमि से शुरू हुआ। बाड़मेर के नौसर गांव के गरीब परिवार में जन्मे राठौड़ नौकरी की तलाश में हुबली पहुंचे, जहां दुकान पर काम करते हुए उनका रुझान कैसीनो व्यवसाय की ओर हुआ। इसके बाद कुछ ही साल में उन्होंने अपार संपत्ति अर्जित कर ली। उनकी बेटी की शादी ने खूब सुर्खियां में आई थी, जब रेगिस्तान में 600 लग्जरी टेंट लगाकर भव्य समारोह आयोजित किया गया था। इस विवाह समारोह में कई बड़े राजनेता, करोबारी और अधिकारी भी शामिल हुए थे। ईडी अब राठौड़ के कारोबारी नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

# जोधपुर में मां-बेटी की दर्दनाक मौत

## 3 साल की मासूम के बाद झुलसी लेक्चरर संजू ने भी तोड़ा दम, गांव में मातम



जोधपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जोधपुर जिले के डांगियावास थाना क्षेत्र के सरनाडा गांव में दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक मकान में आग लगने से मां-बेटी झुलस गए। घटना में तीन साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मां ने शनिवार को महात्मा गांधी अस्पताल की बर्न यूनिट में दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह हादसा है, आत्महत्या है या किसी ने जानबूझकर आग लगाई। थानाधिकारी राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सरनाडा गांव निवासी दिलीप बिश्नोई के मकान से अचानक धुआं निकलता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर से दिलीप की पत्नी संजू बिश्नोई (32) और बेटी यशस्वी (3) को जली हुई हालत में पाया। जांच करने पर पता चला कि यशस्वी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वह जिंदा जल गई थी। वहीं, गंभीर रूप से झुलसी संजू को तुरंत महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। उसे बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर होने के कारण बयान देने के लिए भी अनफिट बताया था। देर रात तक न तो पीहर पक्ष और न ही ससुराल पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत पुलिस को दी गई।

संजू मूल रूप से फिटकासनी गांव की रहने वाली थी और वहां राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थी। दस साल पहले उसकी शादी सरनाडा निवासी दिलीप बिश्नोई से हुई थी, जो बीटेक सिविल इंजीनियर है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। इस शादी का रिश्ता आमने-सामने (आटा-साटा) में हुआ था। संजू के भाई की शादी दिलीप की बहन से हुई है। घटना के समय घर पर संजू और उसकी बेटी ही मौजूद थे। दिलीप बाहर गया हुआ था, जबकि सास-ससुर मवेशियों के लिए चारा लेने गए थे। ऐसे में आग लगने की असली वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या थी, हादसा था या किसी ने साजिश के तहत आग लगाई। फिलहाल, संजू और उसकी मासूम बेटी की मौत से गांव में गमगीन माहौल है। ग्रामीण भी इस दर्दनाक घटना के बाद स्तब्ध हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# रोडवेज बस और पिकअप में भिड़ंत

## दोनों ड्राइवरों की मौत, आठ घायल

राजसमंद, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में शनिवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। चारभुजा थाना क्षेत्र के अमरतिया गांव के पास जाल वाले बालाजी मंदिर के समीप जयपुर से उदयपुर जा रही रोडवेज बस और एक पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई, जबकि बस में बैठे आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह करीब पांच बजे रोडवेज बस (नंबर आरजे32पीए3476) उदयपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही कोल्ड ड्रिंक से भरी पिकअप से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस पिकअप को करीब सौ फीट तक घसीटती चली गई। पिकअप के परखच्चे उड़ गए और दोनों वाहन सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरे। टक्कर के तुरंत बाद पिकअप ड्राइवर नानूराम, निवासी उदयपुर की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव पूरी तरह पिचकी गाड़ी में फंस गया, जिसे निकालने में पुलिस और ग्रामीणों को करीब एक घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। वहीं रोडवेज बस चालक लादूलाल रेबारी पुत्र मैसालाल निवासी सागवाड़ा, जालोर को गंभीर हालत में चारभुजा सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही चारभुजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया। शुरुआती इलाज चारभुजा सीएचसी में किया गया, जहां से गंभीर हालत वाले यात्रियों को रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे। पुलिस का कहना है कि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि बस और पिकअप दोनों ही तेज गति में थे, जिसके चलते टक्कर इतनी भीषण हुई। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# अमेरिकन को ठगने गुजरातियों ने खोला कॉल सेंटर

## 'गोरों' को लगा रहे थे लाखों की चपत, 5 गिरफ्तार



उदयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 6 लैपटॉप, 10 मोबाइल, 5 हेडफोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं।

थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि आरोपियों ने अमेरिकी नागरिकों को टारगेट किया और उन्हें सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध कराने का लालच दिया। वेयर एप्लीकेशन के जरिए इन्हें अमेरिकी नागरिकों के नंबर मिलते थे। इसके बाद कॉल करके लोगों को झांसे में लिया जाता। खासकर जिनका क्रेडिट स्कोर कम होता या जिनके पास पहचान पत्र नहीं होता, उन्हें सस्ते लोन का ऑफर दिया जाता। इसी बहाने उनसे पैसे ऐंठ लिए जाते। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हिरणमगरी सेक्टर-3 स्थित कृष्णांगन अपार्टमेंट में कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। अपार्टमेंट में दबिश दी गई तो आरोपी कॉल सेंटर संचालित करते पकड़े गए। वे सभी लैपटॉप और मोबाइल पर कॉल कर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का काम कर रहे थे। मौके से पुलिस ने कुलदीप पटेल (34), आनंद डेगामडिया (33), अर्चित पांडेय (32), सूरजसिंह तोमर (25) और आसु राजपूत (21) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले हैं।

पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से ऑनलाइन फ्रॉड में सक्रिय था और विदेशों में बैठे लोगों को अपना शिकार बना रहा था। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि इनके तार किन-किन शहरों या देशों से जुड़े हैं। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह ने अब तक लाखों रुपये की ठगी की है।

# नॉर्थ जोन कप्तान गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

## ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई; 28 सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद गिल को नार्थ जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालांकि हाल ही में हुए ब्लड टेस्ट के बाद फिजियो ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजी और सलाह दी कि गिल दलीप ट्रॉफी में हिस्सा न लें। शुभमन गिल फिलहाल छुट्टियां मना रहे हैं। इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की थीं।



**फिलहाल छुट्टियां मना रहे गिल**

अभिषेक त्रिपाठी, जागरण नई दिल्ली। एशिया कप 2025 से पहले घरेलू क्रिकेट का प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी शुरू होने वाला है। इस प्रतियोगिता में भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को नार्थ जोन की कमान सौंपी गई थी। लेकिन अब खबर है कि वह इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद गिल को नार्थ जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालांकि, हाल ही में हुए ब्लड टेस्ट के बाद फिजियो ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजी और सलाह दी कि गिल दलीप ट्रॉफी में हिस्सा न लें। फिलहाल, गिल छुट्टियां मना रहे हैं और उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर अपनी तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें वह याट पर नजर आ रहे हैं।

**28 अगस्त से मुकाबले की शुरुआत**

दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होगा। गिल की अगुवाई में नार्थ जोन की टीम का मुकाबला बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में ईस्ट जोन से होना है। मैच सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। अगर गिल नहीं खेलते हैं तो टीम की कमान उप-कप्तान अंकित कुर संभाल सकते हैं। हालांकि, इस पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**चार या पांच सितंबर को रवाना होगी भारतीय टीम**

भारत की नजर अब एशिया कप 2025 पर होगी, जिसकी शुरुआत 9 सितंबर से दुबई में होगी। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेला जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय टीम चार या पांच सितंबर को दुबई रवाना होगी। ऐसे में, भले ही नार्थ जोन की टीम दलीप ट्रॉफी में आगे बढ़े तो भी गिल उपलब्ध नहीं रहेंगे। एशिया कप में गिल को उप-कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।

# पीयूष चावला सहित 13 भारतीय खिलाड़ियों ने विदेशी लीग के लिए दिया नाम, बेस प्राइस काफी ज्यादा

नई दिल्ली, , 23 अगस्त (एजेंसियां)। 9 सितंबर को एक विदेशी लीग की नीलामी होने वाली है। इसमें पीयूष चावला समेत 13 भारतीय खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पीयूष चावला ने इस नीलामी के लिए अपना बेस प्राइस काफी ऊंचा रखा है।

अब भारतीय क्रिकेटरों के लिए आईपीएल ही नहीं, बल्कि विदेशी लीगों में भी खेलने के मौके बढ़ रहे हैं। इस बार साउथ अफ्रीका की मशहूर टी20 लीग एसए20 के चौथे सीजन के लिए 13 भारतीय खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। स्टार स्पिनर पीयूष चावला (का नाम भी इस लिस्ट में है। ऑक्शन 9 सितंबर को जोहान्सबर्ग में होगी, जिसमें कुल 784 खिलाड़ी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

आपको बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नियमों के अनुसार, भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में तभी खेल सकते हैं जब उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो या आईपीएल और टीम इंडिया में चयन के लिए अपनी दावेदारी छोड़ दी हो। यही वजह है कि अब तक विदेशी लीग में वही खिलाड़ी नजर आए हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट से दूरी बना ली है।



भारतीय खिलाड़ियों के लिए इस लीग में न्यूनतम बेस प्राइस करीब 10 लाख रुपए (200,000 रैंड) तय किया गया है। लेकिन सबसे ज्यादा रिजर्व प्राइस पियूष चावला का है, जो लगभग 50 लाख रुपए (1 मिलियन रैंड) रखा गया है। वहीं, एक और भारतीय खिलाड़ी इमरान खान का बेस प्राइस करीब 25 लाख रुपए (500,000 रैंड) है। बाकी सभी खिलाड़ियों का दाम एक जैसा रखा गया है।

**ऑक्शन में दांव पर है बड़ी रकम**

जोहान्सबर्ग में होने वाले इस ऑक्शन में 6 फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। इनके पास कुल 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 61 करोड़ रुपए) की राशि होगी, जिससे उन्हें 84 स्लॉट भरने हैं। लीग ने इस बार एक नया नियम भी लागू किया है, जिसके तहत हर टीम को एक "वाइल्डकार्ड खिलाड़ी" चुनने की अनुमति होगी। इस खिलाड़ी का पेमेंट सैलरी कैप से बाहर रहेगा, यानी टीमों को लचीलापन मिलेगा।

**13 खिलाड़ियों की लिस्ट**

पियूष चावला (यूपीसीए), सिद्धार्थ कौल (पंजाब), अंकित राजपूत (यूपीसीए), निखिल जगा (राजस्थान), मोहम्मद फैज़, केएस नवीन (तमिलनाडु), अंसारी मारूफ, महेश आहिर (गुजरात), सरुल कंवर (पंजाब), अनुरित सिंह (दिल्ली), इमरान खान (यूपीसीए), वेंकटेश गलीपल्ली और अतुल यादव (यूपीसीए)

दिनेश कार्तिक ने खेला है एसए20

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अब तक सिर्फ दिनेश कार्तिक ही इस एसए20 लीग में हिस्सा ले पाए हैं। उन्होंने पिछले सीजन में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। उस समय तक वे इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल दोनों से संन्यास ले चुके थे। उन्होंने 11 एसए20 मैचों में 130 रन बनाए हैं। जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं ले रहे संन्यास

## बीसीसीआई ने दी खुशखबरी

मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के दौरान भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेकर सबको चौंका दिया था. अब इन दोनों खिलाड़ियों के वनडे से भी संन्यास लेने की खबरें आ रही हैं, लेकिन इस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी चुप्पी तोड़ी है. बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का कहना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी रिटायरमेंट लेने नहीं जा रहे हैं. वो अभी टीम इंडिया की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे. इन दोनों का वनडे में काफी शानदार रिकॉर्ड है.

**राजीव शुक्ला ने क्या कहा?**

यूपी टी20 लीग के दौरान एक टॉक शो में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट से संन्यास की चर्चाओं को खारिज करते हुए कहा कि दोनों अभी वनडे में खेलते रहेंगे. टॉक शो के दौरान एक एंकर ने राजीव शुक्ला ने पूछा कि क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा को सचिन तेंदुलकर की तरह विदाई मिलेगी?



इस पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने सवाल किया कि लोग दोनों खिलाड़ियों को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं? जबकि वे अभी भी वनडे खेल रहे हैं. राजीव शुक्ला ने कहा, "उन्होंने कब संन्यास लिया? रोहित शर्मा और विराट कोहली, दोनों अभी भी वनडे रहे हैं, तो अगर वे अभी भी खेल रहे हैं तो विदाई की बात अभी क्यों हो रही है? आप लोग अभी से चिंता क्यों कर रहे हैं?"

किसी खिलाड़ी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता बीसीसीआई

राजीव शुक्ला ने आगे कहा कि बीसीसीआई कभी किसी खिलाड़ी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता. ये फैसला उन्हें ही लेना होता है. बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा, "हमारी नीति बिल्कुल स्पष्ट है. बोर्ड कभी किसी खिलाड़ी को रिटायरमेंट लेने के लिए नहीं कहता. उसे अपना फैसला खुद लेना होता है".

**'अभी बहुत फिट हैं विराट कोहली'**

टॉक शो के दौरान राजीव शुक्ला ने कहा कि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अभी भी सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं और रोहित शर्मा एक बेहतरीन वनडे खिलाड़ी हैं. उन्होंने फैंस से कहा कि वे इन दोनों खिलाड़ियों के विदाई के बारे में न सोचें. जब वो समय आएगा तो हम आपको बताएंगे कि ये कैसे करना है? आप लोग अभी से विदाई की बात कर रहे हैं, जबकि कोहली अभी बहुत फिट हैं और वो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेल रहे हैं. आप लोग बेवजह उनकी विदाई को लेकर चिंतित हैं.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वापसी करेंगे दोनों खिलाड़ी**

विराट कोहली और रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में 19 से 25 अक्टूबर तक होने वाली वनडे सीरीज में खेलेंगे. T20I और टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बाद उनके वनडे से संन्यास लेने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से चल रही हैं. कुछ लोगों का कहना था कि ऑस्ट्रेलिया दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी दौरा हो सकता है. हालांकि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ट्रेनिंग शुरू करके इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है. रिपोट्र्स के मुताबिक BCCI इस मामले को लेकर शांत है और इन स्टार बल्लेबाजों के फ्यूचर पर फैसला लेने की जल्दी में नहीं है.

# इमरान ताहिर ने टी20 क्रिकेट में रचा इतिहास

## 46 साल की उम्र में ऐसा करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

खेल डेस्क, 23 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज में इन दिनों कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 खेली जा रहा है। जिसका 9वां मैच गुयाना अमेजन वॉरियर्स-एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स के बीच खेला गया। इस मैच को गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने 83 रनों से अपने नाम कर लिया था। इस मैच में गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने कमाल की गेंदबाजी का नजारा पेश किया और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके उन्होंने टी20 क्रिकेट में इतिहास भी रच दिया।



**इमरान ताहिर ने रचा इतिहास**

इस मैच में गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर विपक्षी टीम पर अकेले भारी पड़ते हुए दिखाई दिए। मैच में खतरनाक गेंदबाजी करते हुए इमरान ताहिर ने 4 ओवर में महज 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इमरान ताहिर अब 46 साल की उम्र में कप्तान के रूप में टी20 क्रिकेट में 5 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। इसके अलावा टी20 क्रिकेट में इमरान 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

**ऐसा रहा मैच का हाल**

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इमरान ताहिर की टीम गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 211 रन बनाए थे। इस दौरान गुयाना अमेजन वॉरियर्स की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए शाई होप ने 54 गेंदों पर सबसे ज्यादा 82 रनों की पारी खेली थी, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इसके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 26 गेंदों पर 65 रनों की पारी खेली थी, इस दौरान उनके बल्ले से 5 चौके और 5 छक्के निकले थे।

इसके बाद 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स की टीम 15.2 ओवर में 128 रनों पर ही ढेर हो गई थी। एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए करिमा ने सबसे ज्यादा 31 रनों की पारी खेली थी। इसके अलावा टीम के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू पाए थे।

# बीसीसीआई ने बदल डाला घरेलू क्रिकेट का फॉर्मेट

मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट के फॉर्मेट को बदलने का फैसला किया है। जिसको लेकर 22 अगस्त को एक मीटिंग भी हुई। अब घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में प्लेट ग्रुप सिस्टम देखने को मिलेगा। इस बार के नए घरेलू क्रिकेट सीजन में ये बदलाव देखने को मिलने वाले हैं, जिसकी शुरुआत दलीप ट्रॉफी से होगी। दलीप ट्रॉफी 2025 का आगाज 28 अगस्त से होने जा रहा है।

**ये हुआ सबसे बड़ा बदलाव**

घरेलू क्रिकेट में हुए बदलाव के बाद अब सभी टूर्नामेंटों में टीमें 4 एलीट और 1 प्लेट ग्रुप में खेलती हुई दिखाई देगी। सबसे नीचे की 6 टीमें अब प्लेट ग्रुप में होंगी। इससे पहले देखा जाता था कि हर सीजन में प्लेट ग्रुप से 2 टीमें ही ऊपर जाती थी, जबकि 2 टीमें नीचे आती थी। जिसके बाद अब 1 टीम प्रमोट या रिलिगेट होती हुई दिखाई देगी।



**ये हुए बदलाव**

प्लेट ग्रुप सिस्टम के तहत वनडे और टी20 टूर्नामेंटों पिछले सीजन की सबसे नीचे की 6 टीमें प्लेट ग्रुप में होंगी।

दलीप ट्रॉफी और सीनियर महिला चैलेंजर टूर्नामेंट में 6 जोनल टीमों के आधार पर खिलाड़ियों का सिलेक्शन होगा।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और सीनियर महिला टी20 टूर्नामेंट में अभी तक नॉकआउट मुकाबले देखने को मिलते थे, लेकिन अब यहां सुपर लीग स्टेज मुकाबले होंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी, सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी और पुरुष अंडर-23 स्टेट ट्रॉफी में 4 एलीट ग्रुप और 1 प्लेट ग्रुप मॉडल देखने को मिलेगा। इसके अलावा जूनियर और महिला टूर्नामेंटों में 5 एलीट और 1 प्लेट मॉडल देखने को मिलेगा।

**क्या है इन बदलाव का मकसद?**

भारत में घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत 28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी के साथ होगी, इसके अलावा ये घरेलू सीजन 3 अप्रैल 2026 को सीनियर महिला अंतर-क्षेत्रीय बहु-दिवसीय ट्रॉफी तक चलेगा। इन बदलावों का जरिए बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को और ज्यादा बेहतर करना चाहता है, जिसके चलते हर स्तर की टीमों का प्रदर्शन निखर सके और अच्छे-अच्छे खिलाड़ी सामने आ सके।

# बांग्लादेश ने एशिया कप के लिए टीम घोषित की

## मेहदी हसन मिराज को जगह नहीं, नुरुल और सैफ हसन को मौका; लिट्टन दास कप्तान

ढाका, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने एशिया कप 2025 के लिए लिटन दास की कप्तानी में टीम की घोषणा कर दी है। टीम में नुरुल हसन की तीन साल बाद वापसी हुई है, जबकि सैफ हसन भी डेढ़ साल बाद टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

**लिटन दास की कप्तानी में उतरेगी बांग्लादेश की टीम**

नई दिल्लीः भारत और पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश ने भी एशिया कप 2025 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। लिटन दास की कप्तानी में 16 खिलाड़ियों की टीम चुनी गई है। बांग्लादेश को टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है। उसके साथ श्रीलंका, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग की टीम है। बांग्लादेश की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है। टीम ने पिछली दो सीरीज में पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया था।



**नुरुल और हसन की वापसी**

एशिया कप की टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन को शामिल किया गया है। नुरुल ने तीन साल पहले अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। उनके साथ सैफ हसन भी डेढ़ साल के अंतराल के बाद इस फॉर्मेट की टीम में वापसी कर रहे हैं। नुरुल हसन को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने बांग्लादेश ए टीम के लिए भी खेला था। 31 साल के नुरुल ने आखिरी बार नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के लिए खेला था।

**दो कप्तानी की छुट्टी हो गई**

बांग्लादेश के टेस्ट और वनडे के कप्तानों को एशिया कप में जगह नहीं मिली है। टेस्ट के कप्तान नजमुल हुसैन शांटो टी20 में भी 2024 तक कप्तान थे। वहीं वनडे के कप्तान मेहदी हसन मिराज पिछली टी20 टीम का हिस्सा थे। लेकिन, इस बार वे 16 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उन्हें रिजर्व लिस्ट में रखा गया है। सौम्य सरकार, तनवीर इस्लाम और हसन महमूद को एशिया कप के लिए स्टैंड-बाय के तौर पर चुना गया है। यह टीम 30 अगस्त से सिल्हट में नीदरलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में भी बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

टीम इस प्रकार हैः लिट्टन कुमार दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदय, जाकेर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नासुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन।

स्टैंडबायः सौम्य सरकार, मेहदी हसन मिराज, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद।

# अंडर-20 चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान

## तीन खिलाड़ी बाहर

समोकोव, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवान अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए। तीन खिलाड़ी क्वालिफाइंग दौर में ही बाहर हो गए, जबकि पांच अन्य पहलवान पदक की दौड़ में पहुंचने में सफल रहे। अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया।

रोडिन भी फाइनल में नहीं पहुंच पाए जिससे नमन भी बाहर हो गए। विनीत को मिस्र के मोहम्मद शाबाम इब्राहिम ने 72 किलोवर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। अनिल मोर (55 किलो) को अजरबैजान के तूरान दाशदामिरोव ने मात दी। उन्होंने इससे पहले बुल्गारिया के योरडान टोपालोव को 8-0 से हराया था। दाशदामिरोव अगर फाइनल में पहुंचते हैं तो मोर को रेपचेज में खेलने का मौका मिलेगा।

काजल महिलाओं के 72 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी, जबकि श्रुति (50 किलो) और सारिका (53 किलो) कांस्य पदक के लिए खेलेंगी। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज (60 किलो) और प्रिंस (72 किलो) भी कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।

# लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना टीम नवंबर में केरल आएगी

## ग्रीनफील्ड स्टेडियम में प्रदर्शनी मैच

### फुटबॉल विकास कार्यक्रमों में भी एएफए मदद करेगा

तिरुवनंतपुरम, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को इस बात की पुष्टि कर दी है कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में दोस्ताना मुकाबले के लिए केरल का दौरा करेगी। दिलचस्प बात यह है कि इस टीम में स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी भी शामिल होंगे।

**अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने भारत दौरे की पुष्टि की थी**

अब्दुरहीमान अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की घोषणा के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने बताया था कि मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में उनकी राष्ट्रीय टीम लुआंडा, अंगोला और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। अब्दुरहीमान ने कहा कि राज्य ने शुरू में एएफए से इस साल अक्तूबर या नवंबर में मैच आयोजित करने का अनुरोध किया था।



अब्दुरहीमान ने कहा, शुरुआत में एएफए ने इस मैच को 2026 के लिए निर्धारित किया था। हालांकि हमने उनसे संपर्क किया और अनुरोध किया कि वे इस साल केरल में मैच आयोजित करें। अब एएफए ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है। हमारा इरादा 2022 विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम को भारत लाने का है। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। हमने बाकी व्यवस्थाओं की योजना बनाना शुरू कर दिया है और जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ आयोजन स्थल सहित अन्य विवरणों पर चर्चा करेंगे।

**केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी**

केरल के खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के लाखों फुटबॉल प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'हमारा इरादा केरल में प्रशंसकों को मेसी को खेलते देखने का एक मंच प्रदान करना है।' मंत्री ने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस आयोजन को मंजूरी दे दी है और इस संबंध में एक सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है।

विपक्षी टीम के बारे में अब्दुरहीमान ने कहा, हम फीफा की शीर्ष 50 टीमों में से एक टीम का चयन करेंगे।

कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है। ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम ने रुचि दिखाई है और हमारा उनके साथ खेल विनिमय समझौता भी है। इसी तरह तीन-चार अन्य टीमों ने भी हमसे संपर्क किया है।

# अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने सोने पर साधा निशाना

## 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण



शिमकेंट, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के अर्जुन बाबुता और इलावेनिल वलारिवान ने शनिवार को 16वें एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में सोने पर निशाना साधा। इस भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन और इलावेनिल की जोड़ी ने चीन डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया और पोडियम में शीर्ष पर रही।

चीनी जोड़ी शुरुआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9.5 और 10.1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल का यह इस चैंपियनशिप में दूसरा पदक है। वह इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं। इससे पहले, अर्जुन, रुद्राक्ष पाटिल और किरण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता था।

स्थापना 1983 श्री आईमात्रे नमः श्री गणेशाय नमः श्री खेतलाजी भैरवाय नमः पंजीकृत संख्या: 1941/83

।। या देवी (श्री आईजी) सर्वभूतेषु ज्योति रुपेण संस्थिता नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः ।।

# सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद

के तत्वावधान मे

## श्री आईमाताजी का 610 वाँ अवतरण दिवस एवं 43 वाँ वार्षिक सम्मेलन

**आज भादवा सुदी एकम् रविवार 24 अगस्त**

सायं 4.15 बजे से 9.15 बजे तक
महिला मंडल द्वारा
सांस्कृतिक कार्यक्रम
(श्री आईमाताजी मंदिर पारसीगुटा में)

: कार्यक्रम शुभस्थल :
श्री आईमाताजी मंदिर,
पारसीगुट्टा (बडेर), हैदराबाद, तेलंगाना



।। श्री आईमाताय नमः ।।

**कल भादवा सुदी दुज सोमवार 25 अगस्त**

प्रातः 9.15 बजे गणेश वंदना आईमाँ की पूजा-अर्चना
प्रातः 10.15 बजे भजन कार्यक्रम

: भजन गायकार :



संदीप सेजू (दुदोड़, राज.)

पधारे मेहमानों का स्वागत
अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्बोधन
कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय की प्रस्तुति
आम सदस्यों द्वारा समाज हित में विचार व्यक्त करना चाहे, वे सचिव महोदय से सम्पर्क करे
धन्यवाद ज्ञापन एवं महाआरती
समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी 11.15 बजे

निवेदन: समस्त स्वजातिय बन्धुओ से नम्र निवेदन है कि सोमवार 25 अगस्त 2025 को अपने प्रतिष्ठान बन्द रखे एवं सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे

✻ निवेदक ✻ समस्त कार्यकारिणी एवं शिक्षा समिति सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद

: अध्यक्ष : मोहनलाल हाम्बड़ 9948177436
: सचिव : नारायणलाल काग 9849722490

सीरवी शिक्षा समिति
अध्यक्ष : लाबूराम पंवार 9618779482
सचिव : चेलाराम भायल 9490992536

सीरवी महिला मंडल
अध्यक्षा : सुशीला देवड़ा 9989054770
सचिव : निर्मला देवड़ा 7893430175

P.Solankey

### सीरवी समाज कार्यकारिणी तेलंगाना पारसीगुटा



: अध्यक्ष : मोहनलाल हाम्बड़ | : उपाध्यक्ष-1 : मूलाराम चोयल | : उपाध्यक्ष-2 : रमेश पंवार | : सचिव : नारायणलाल काग | : सहसचिव : हीराराम खंडाला | : कोषाध्यक्ष : खंगारसिंह लचेटा | : सलाहकार : J.C चोलाराम हाम्बड़, परसराम वरपा, जसवंत देवड़ा | : मनोनित सदस्य : रामलाल वरपा, CA जसाराम वरपा, कालुराम काग, रामलाल परिहार

: कार्यकारिणी सदस्य :
किशनलाल राठौड़ सिकंदराबाद, ओमप्रकाश पंवार नाचारम, प्रेमाराम देवड़ा मल्लापुर, चेनाराम परिहार मौलाअली, चेनाराम पंवार चेरलापल्ली, पूनाराम लचेटा रामपल्ली, सुजाराम काग कमलानगर, पूनाराम हाम्बड़ कुशाईगुडा, भोलाराम सोलंकी धम्माईगुडा, सोहनलाल सोलंकी मल्काजगिरी, हापुराम गेहलोत नेरडमेट, तुलसाराम सोलंकी अडागुडा, चन्द्रप्रकाश गेहलोत नेताजी नगर,
भीकाराम गेहलोत अत्तापुर, अमराराम परिहार सनसिटी, नत्थाराम वरपा हाईटेक सिटी, मुकेशकुमार गेहलोत गच्छीबावली, नारायणलाल पंवार कुकटपल्ली, नारायणलाल पंवार प्रशांतनगर, पोकरराम वरपा सनतनगर, नारायणलाल सिन्दड़ा अलवाल, चेलाराम चोयल लोतकुन्टा, कैलाश सुपुत्र दीपाराम गेहलोत मनीकोन्डा, राजेन्द्रसिंह भायल निजामपेट, ज्ञानाराम काग अलियाबाद


### सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा



: अध्यक्ष : लाबुराम पंवार | : उपाध्यक्ष-1 : मांगीलाल हाम्बड़ | : उपाध्यक्ष-2 : वोराराम भायल | : सचिव : चेलाराम भायल | : सहसचिव : रमेश परिहार | : कोषाध्यक्ष : हिमताराम हाम्बड़ | : खेल मंत्री : हिमताराम हाम्बड़

: कार्यकारिणी सदस्य :
नारायणलाल हाम्बड़ नाचारम, नगाराम लचेटा मल्लापुर, ढगलाराम सेपटा मौलाअली, मूलाराम सैंणचा चेरलापल्ली, अशोक हाम्बड़ हाईटेक सिटी, मोहनलाल आगलेचा मल्काजगिरी, सोहनलाल वरपा नेरडमेट, भंवरलाल मुलैवा मिर्जालगुडा,
नेमाराम परिहार अडागुटा, लखाराम लचेटा नेताजीनगर, नारायणलाल आगलेचा बेगम बाजार, मांगीलाल चोयल अत्तापुर, बाबुलाल काग सनसिटी, आनन्द राठौड़ धम्माईगुडा, बालाराम सैंणचा गच्छीबावली, ओमप्रकाश काग कुकटपल्ली,
प्रकाश चोयल प्रशांतनगर, उमेदराम चोयल सनतनगर, श्यामलाल वरपा पारसीगुटा, मांगीलाल देवड़ा शापुर नगर, दिनेश आगलेचा कारखाना, लाबुराम चोयल अलवाल, सुरेश चोयल लोतकुन्टा, ओमप्रकाश काग कीसरा, कालुराम आगलेचा मणीकोन्डा

### सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा



: अध्यक्षा : सुशीला देवड़ा | : उपाध्यक्षा-1 : इन्द्रादेवी आगलेचा | : उपाध्यक्षा-2 : अनितादेवी चोयल | : सचिव : निर्मला देवड़ा | : सहसचिव : कविता सोलंकी | : कोषाध्यक्षा : नीलु लचेटा | : सलाहकार : मंजूदेवी सोलंकी, गवरीदेवी परिहार

: कार्यकारिणी सदस्य :
रेखादेवी परिहार अमीरपेट, विध्यादेवी गेहलोत नाचारम, तुलछीदेवी भायल मौलाअली, हिणगारी देवी चेरलापल्ली, कन्यादेवी चोयल रामपल्ली, संगीता पंवार धम्माईगुडा, भंवरीबाई सोलंकी मल्काजगिरी, चन्दादेवी चोयल नेरेडमेट, संतोष वरपा मिरजालगुडा,
सुकिया देवी अड्डागुडा, रुकियादेवी काग कमलानगर, मोहनी हाम्बड़ कुशाईगुडा, पानीदेवी लचेटा सनसिटी, पानीदेवी वरपा हाईटेक सिटी, कमलादेवी पंवार कुकटपल्ली, रेखादेवी देवड़ा प्रशांतनगर, जीमनीबाई पंवार सनतनगर, श्यामादेवी गेहलोत नेताजीनगर,
कंकुदेवी पंवार अत्तापुर, लीलादेवी पंवार कारखाना, अनिता देवी अलवाल, सुगणादेवी हाम्बड़ कीसरा, पुजादेवी हाम्बड़ निजामपेट, सीतादेवी मुलैवा अलियाबाद, केसीबाई मुलैवा पारसीगुटा, अनिता राठौड़ सिकंदराबाद

विशेष निवेदन: शहर के विभिन्न व्यापारी वर्ग से निवेदन है कि आपके यहाँ कार्यरत हमारे सीरवी भाईयों को हमारे धार्मिक पर्व पर आयोजित कार्यक्रमो मे भाग लेने हेतु पूर्ण अवकाश प्रदान कर हमे, अनुग्रहीत करे


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.